हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



ऑफ सोल्डर ड्रेस में अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश...



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 22 जनवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 329, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे मुख्यमंत्री योगी

## कैबिनेट बैठक के बाद त्रिवेणी संगम की पावन धारा में पूरे मंत्रिमंडल के साथ करेंगे स्नान

एजेंसी, महाकुम्भ नगर

प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य



साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था। महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

### महाकुंभ में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी लगाएंगे डुबकी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पवित्र संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। जानकारी अनुसार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को संगम में स्नान करेंगी, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे और महाकुंभ में स्नान करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में इन विशिष्ट हस्तियों की यात्रा को देखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, और इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महाकुंभ भारत का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों लोग संगम पर स्नान कर अपने पापों का प्रायश्चित करने पहुंचते हैं। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की महाकुंभ में उपस्थिति इस आयोजन को और अधिक विशेष बना देगी।

## भूकंप से हिला ताइवान, भारत के लेह में भी लगे झटके



एजेंसी, ताइपे

दक्षिणी ताइवान में आए शक्तिशाली भूकंप से लोग दहल गए। ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। दक्षिणी ताइवान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 दर्ज की गई। इससे तमाम घर और सड़कें ढह गईं। दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ताइपे टाइम्स की खबर में स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि कुल 26 लोगों के घायल होने की सूचना है। उन्हें सुबह अस्पतालों में भेजा गया है। भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी के दापू टाउनशिप के सिसिंग गांव में था। सिसिंग गांव में भारी क्षति हुई है। गांव में प्रवेश करने वाली सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने कहा कि आठ लोग ताइनान और चियाई शहर की इमारतों के अंदर फंसे हुए थे। उन्हें बचा लिया गया है। ताइनान फायर ब्यूरो ने कहा कि नानसी जिले में एक मंजिला तमाम घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान बचाए गए 11 निवासियों में से चार लोग घायल हो गए। सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा, भूकंप का केंद्र चियाई काउंटी हॉल से 37.9 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में 9.7 किमी की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता चियाई काउंटी में सबसे अधिक रही। पड़ोसी ताइनान के साथ काऊशुंग में भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई। ताइनान के मेयर हुआंग वेई-चे ने क्षेत्र का दौराकर हालात का जायजा लिया। भूकंप के कारण आज स्कूलों में छुट्टी रद्द कर दी गई। भारत में मंगलवार आधी रात लद्दाख के लेह क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र लेह से करीब 15 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था। यहां से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। रात को आए भूकंप के बाद सुबह 11 बजे तक कई छोटे झटके महसूस किए गए।

### असम, मेघालय और पश्चिम बंगाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, शिलांग।** मेघालय के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में मंगलवार दोपहर को भूकंप के झटका महसूस किया गया। इस भूकंप की तीव्रता 4.1 तीव्रता रही। मेघालय के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। इससे किसीतरह के नुकसान की सूचना फिलहाल नही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, के साउथ वेस्ट खासी हिल्स इलाके में दोपहर 12 बजकर 34 मिनट 02 सेकेंड पर आए इस भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

## रांची में पवन तिग्गा सहित सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

एजेंसी । रांची

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मिलन समारोह सह सदस्यता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा के नेतृत्व में लोहरदगा से आए सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुकरु उरांव, शशि नंदन भगत, तपेश्वर प्रजापति, एतवा उरांव, इलीशिबा मिंज, तारा भगत, सुरेशचंद्र साहू, लोलेन एक्का और बिमोला मिंज सहित लोकहित अधिकार पार्टी के लोहरदगा जिला के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है, जिसके 12.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। पार्टी




आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के साथ गांव, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी की सेवा कर रही है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का संकल्प हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार में रोज नए-नए भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो, जिसमें स्कूल के शिक्षक द्वारा साइकिल के लिए छात्र से 400 रुपये की मांग की जा रही है पर कहा कि भ्रष्टाचार से अब स्कूल के बच्चे भी अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार-2 को भ्रष्टाचार मिटाने के लिए गंभीर होना चाहिए नहीं तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। सदस्यता लेने के बाद पवन तिग्गा ने कहा कि वे पार्टी के नेतृत्व के आभारी हैं। आज भाजपा से ही जनता को उम्मीद है। भाजपा झारखंड अलग राज्य बनाने वाली पार्टी है और जितने विकास कार्य हुए हैं सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास हो रहा और कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को राहत मिल रही है। कार्यक्रम का संचालन शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन सुनील फकीरा ने किया।

## सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान में 15 माओवादी ढेर, हथियार और गोला-बारूद हुआ बरामद

एजेंसी, गरियाबंद

छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सुरक्षाबलों ने नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। 21 जनवरी की सुबह दोनों राज्यों के सुरक्षाकर्मियों और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान में 15 माओवादियों को मार गिराया। यह अभियान ओडिशा के नुआपड़ा जिले और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सीमावर्ती इलाकों में चलाया गया। अभियान की शुरुआत 19 जनवरी को एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। सुरक्षा बलों ने माओवादी गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद अंतरराज्यीय ऑपरेशन चलाया। अभियान के दौरान सोमवार को सुरक्षाबलों की मुठभेड़ दो महिला माओवादियों से हुई, जिन्हें मार गिराया गया। मंगलवार सुबह तक



मारे गए माओवादियों की संख्या 15 हो गई। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। बरामद सामग्री में एक एसएलआर, आईईडी और अन्य हथियार शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने आशंका जताई है कि हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। एसओजी बलों और सीआरपीएफ के जवानों ने इस अभियान में साहस और संयम का परिचय दिया। दोनों ओर से गोलीबारी अभी भी जारी है, और सुरक्षाबल लगातार इलाके की तलाशी ले रहे हैं।

## अमेरिका में फिर आया ट्रंप युग

- 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली, फैसलों में राष्ट्र पहले की झलक
- पहली प्राथमिकता घुसपैठ रोकना, दूसरी महंगाई पर रोकथाम
- अपने पहले संबोधन में बोले, मेरी नीति 'अमेरिका फर्स्ट' की होगी

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण करने के अपने पहले संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। अमेरिका फर्स्ट की नीति के साथ वो फिर से देश को आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वो सभी को साथ लेकर चलने को तत्पर हैं। साथ ही उन्होंने दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शपथ ग्रहण के बाद पहला बड़ा फैसला लेते हुए देश के दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाई जाएगी। संगठित अपराध के खिलाफ आज से ही काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि घुसपैठ रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो वहां सेना को भी भेजा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे जहां से वो आए हैं। अपनी सरकार की प्राथमिकता को बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता घुसपैठ को रोकना है ताकि देश की जनता सुरक्षित महसूस करे। दूसरी प्राथमिकता महंगाई पर रोक लगाना है ताकि लोगों को जरूरी सामानों के लिए अतिरिक्त बोझ न पड़े। ट्रंप ने कहा, 'अत्यधिक खर्च और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई का संकट पैदा हुआ और इसीलिए आज मैं नेशनल एनर्जी इमरजेंसी की भी घोषणा करता हूं।'



## जल्द ही गिर जाएगी ओली सरकार: प्रचंड

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल के मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' ने मंगलवार को दावा किया कि केपी शर्मा ओली की सरकार जल्द ही गिर जाएगी। प्रचंड ने चितवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। इस दौरान सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के दो बड़े नेता उनके अगल-बगल बैठे थे। प्रचंड ने दावा किया कि ओली सरकार अब कुछ ही दिनों की मेहमान है। प्रचंड के इस दावे पर नेपाली कांग्रेस के प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सांसद शशांक कोइराला और सांसद चंद्र भंडारी ने परोक्ष रूप से अपनी मुहर लगा दी। नेपाली कांग्रेस के



सभापति शेरबहादुर देउबा के करीबी माने जाने वाले दोनों नेताओं का प्रचंड के साथ इस तरह से सरकार गिराए जाने की बात पर हां में हां मिलाने से यह स्पष्ट है कि वर्तमान गठबंधन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) का गठबंधन अप्राकृतिक है।

## उत्तर-पश्चिम भारत में फिर होगी बारिश

एजेंसी, नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम भारत में इस समय मौसम सुहावना बना हुआ है। अच्छी धूप के बीच हल्की ठंडी हवाओं ने ठंड के असर को कम कर दिया है। तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को सर्दी के सख्त मौसम से राहत मिली है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी, क्योंकि एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, आज उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। वहीं, हिमालय के ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। तमिलनाडु में भी हल्की बारिश के आसार हैं। इसी बीच कल 22 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय



पहुंचेगा, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश का असर 23 जनवरी को बढ़ने के आसार हैं। इसके तहत दिल्ली, पश्चिमी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इस बारिश से दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, जिससे हाल के असामान्य गर्म मौसम से राहत मिलेगी। हालांकि, 24 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट हो सकती है और ठंड का प्रभाव लौटने की संभावना है। 22 और 23 जनवरी की बारिश उत्तर-पश्चिम भारत के किसानों और निवासियों को राहत देगी, हालांकि यह बारिश जल संकट को पूरी तरह हल नहीं कर सकेगी। 24 जनवरी के बाद एक सप्ताह तक शुष्क मौसम का अनुमान है, जिससे ठंड का प्रभाव फिर से बढ़ सकता है। यह बारिश अस्थायी राहत तो देगी लेकिन क्षेत्र में जल संतुलन को बेहतर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। मौसम विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और शुष्क हालात पर नजर बनाए रखें।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : स्थानीय नेताओं की निष्क्रीयता पर शीर्ष नेतृत्व की नाराजगी और नसीहत

## राहुल-प्रियंका पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, लेकिन कांग्रेस के लोकल नेताओं व पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमीनी कार्य करने में जोश नहीं दिखाया है, जिसे लेकर पार्टी शीर्ष नेतृत्व की चिंता बढ़ गई है। इसे लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शीर्ष नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए चुनाव प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाने और उस पर सौ प्रतिशत कार्य करने की नसीहत दे दी है। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और वायनाड सांसद व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी दिल्ली चुनाव प्रचार अभियान को लेकर काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं, इसे देखते हुए स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता पार्टी के चुनावी प्रयासों को कमजोर करती दिखी है। यही वजह है कि बीते सोमवार राहुल और प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। इस मीटिंग में चुनाव प्रचार की धीमी रफ्तार और



स्थानीय नेताओं के कम उत्साह पर सख्त नाराजगी जताई गई। इस बैठक में राहुल गांधी ने कहा, कि चुनाव सिर्फ शीर्ष नेतृत्व के भरोसे नहीं जीता जा सकता। जबकि प्रियंका गांधी ने स्थानीय नेताओं को आक्रामक प्रचार रणनीति अपनाने और जनता के बीच कांग्रेस की योजनाओं को ले जाने जैसे निर्देश दिए हैं। कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्थानीय नेताओं को निर्देश दिया कि वे आक्रामक अभियान चलाएं और पार्टी की योजनाओं को जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाएं। यहां बताते चलें कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान में पांच गारंटियों को प्रमुखता दी है। इनमें महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष घोषणाएं शामिल हैं। रिपोर्ट बताती है कि स्थानीय नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता के चलते पार्टी का यह संदेश जनता तक प्रभावी तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। इसे देखते हुए राहुल गांधी दिल्ली चुनाव में अब सक्रिय हो रहे हैं और लगातार रैली और जनसभाओं के जरिए मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने को तैयार हैं।

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने किशनगंज जिले को दी 514 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 235 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में किशनगंज जिले के महेशब्थना स्थित नवनिर्मित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र से 514.28 करोड़ रुपये की 236 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 151.17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन तथा 363.09 करोड़ रुपये की लागत से शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने ठाकुरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत पटेश्वरी स्थित ग्राम कटहलडांगी में प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास रोड संबंधी समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ठाकुरगंज बाईपास का निर्माण कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं। इस बाईपास के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। साथ ही आसपास के इलाकों से संपर्कता बढ़ेगी। प्रस्तावित ठाकुरगंज बाईपास की कुल लंबाई 4.01 किलोमीटर तथा चौड़ाई 10 मीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 41.30 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने 65,350 किलोमीटर लंबी पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या-39 (बायसी बहादुरगंज दिघल बैंक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा प्रस्तावित असूरा-निश्नद्रा घाट पुल एवं पहुंच पथ निर्माण कार्य के संबंध में भी मुख्यमंत्री को साइट प्लान के माध्यम से वितृस्त जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ग्राम कटहलढांगी (ठाकुरगंज) का भ्रमण कर विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। ग्राम कटहलडांगी में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत निर्मित तालाब का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर तालाब के चारों ओर सीढ़ीनुमा घाट बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तालाब के किनारे सीढ़ीघाट होने से लोगों को काफी सहूलियत होती है। ग्राम कटहलडांगी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन कर योजनाओं के लाभुकों लाभुकों के बीच लाभ का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अभियान बसेरा-02 के अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीनों को वास हेतु सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों की चाबी, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की चाबी, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किशनगंज जिला अंतर्गत कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 8 मवेशी आश्रय स्थल का उद्घाटन, पटेश्वरी पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन, जीविका संगठन कार्यालय भवन का शिलान्यास, पटेश्वरी स्वागत द्वार-सह-पेवर ब्लॉक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का उद्घाटन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास शामिल है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मोतीहारा के हालामाला ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 4 में आदर्श ग्राम पंचायत के मॉडल को देखा। इस आदर्श ग्राम पंचायत मॉडल के बनाए गए विभिन्न भवनों का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने परिसर में बनाए गए खेल मैदान, सरोवर, अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट का निरीक्षण किया। सरोवर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। इसके बगल में सीढ़ी बना दें ताकि लोग यहां घूम सकें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। स्वयं सहायता समूह के स्टॉल का निरीक्षण के दौरान जीविका दीदियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का नाम 'जीविका दीदी' दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम 'आजीविका' किया। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, परिवहन विभाग के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविकोपार्जन हेतु 11 हजार 486 स्वयं सहायता समूहों को 137 करोड़ रुपये, 2305 स्वयं सहायता समूहों को 14 करोड़ 33 लाख रुपये और 306 स्वयं सहायता समूहों को 5 करोड़ 40 लाख रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री चौर विकास योजना के तहत लाभार्थी को 4 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभार्थियों को गाड़ी की चाबी भी प्रदान की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गोवर्द्धन प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां की कार्य पद्धति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों को स्वच्छता की चाबी सौंपी। चौर विकास योजना के तहत जीविकोपार्जन हेतु जीविका दीदियों को उपलब्ध कराए गए चाय के बगान का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने महेशब्थना स्थित जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था और कार्य पद्धति की जानकारी ली। इस आपातकालीन केंद्र परिसर से ही मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से किशनगंज जिला की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिये हमने काफी काम किया है। सरकार में आने के बाद से ही बिहार के सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किये जा रहे हैं। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कोचाधामन के डेरामारी अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और छात्रों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ें और अच्छे से रहें। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक ख्यक आवासीय विद्यालय के आवासीय परिसर एवं शैक्षणिक परिसर के बीच 318.68 लाख रुपये की लागत से फुटओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सह किशनगंज जिले के प्रभारी मंत्री श्री जमा खान, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री नीरज कुमार सिंह, विधायक श्री इजहार उल हुसैन, विधायक श्री सउद आलम, पूर्व मंत्री मोहम्मद नौशाद आलम, पूर्व विधायक श्री मास्टर मुजाहिद आलम, पूर्व विधायक श्री गोपाल कुमार अग्रवाल, उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी विधानसभा सीटों पर एनडीए की जीत का परचम लहराएगा: उमेश

**राजद के शासन में तंग और तबाह सिवान आज शांति और सौहार्द का पर्याय बना**

**पटना।** मंगलवार को सिवान जिला के गांधी मैदान में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने आपसी संवाद को स्थापित करने पर खासा जोर दिया। उन्होंने कार्यकतार्ओं से कहा कि संगठन के हरेक स्तर पर समन्वय और बेहतर तालमेल के साथ लक्ष्य की प्राप्ति हेतु काम करें। हमारे साझा प्रयासों से ह्यमिशन 225ह्व का संकल्प निश्चित ही साकार होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के शासनकाल में लूट, हत्या, अपरहण और रंगदारी की आपराधिक घटनाओं से तंग और तबाह सिवान आज शांति और सुशासन के सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वांगीण विकास की नित नई सीढ़ी चढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जंगलराज को जड़ से समाप्त कर प्रदेश में सुशासन का राज स्थापित किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता को सेवा का माध्यम बनाकर समाज के सभी वर्गों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया है। वहीं, दूसरी ओर विपक्षी पार्टियों को केवल अपने परिवार के भरण पोषण की चिंता है। जनता के सुख-दुख से उन्हें कोई एहसास नहीं है, उनका राजनीतिक इतिहास और भूगोल परिवार से शुरू होकर परिवार में ही सिमट जाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के प्रति पांचों घटक दलों के तमाम कार्यकतार्ओं में काफी उत्साह का माहौल है। सभी कार्यक्रमों में उमड़ रहे हुजूम का आत्मविश्वास, उल्लास और अपार ऊर्जा 2025 में प्रचंड विजय का स्पष्ट संदेश देता है। 2025 में 225 और फिर से नीतीश के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने को लेकर एनडीए परिवार पूरी तरह से कमर कस चुकी है।

### पटना सहित कई जिलों में 8वीं तक के स्कूल 23 जनवरी तक बंद

**पटना।** बिहार में फिलहाल ठंड से राहत मिलते हुए नहीं दिख रही है। पटना में ठंड के चलते डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूल को 23 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। वहीं, 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 9 से दोपहर साढ़े तीन बजे तक ही चलेंगी। इधर, गोपालगंज में भी कड़ाके की ठंड और कम तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सी एच ने नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को 24 जनवरी तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। हालांकि, कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक चलेंगी।ठंड की वजह से मोतिहारी और मुंगेर में भी स्कूल बंद कर करने के आदेश जारी किए गए है। मोतिहारी के डीएम सौरभ जोरवाल ने 22 और 23 जनवरी को नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।पटना, मधेपुरा, नालंदा, मोतिहारी में आज सुबह से ही घना कोहरा दिखाई दिया। पछुआ हवा ने पूरे राज्य में कनकनी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 29 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि, अगले तीन दिनों तक कई जिलों में हल्के कोहरा छाए रहने की संभावना है। ठंड से भी राहत मिलने की संभावना नहीं है। 24 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।'

### राम जयपाल नगर उपडाकघर के नये भवन का उद्घाटन

**पटना।** पटना डाक प्रमंडल के अंतर्गत राम जयपाल नगर उप डाकघर नये भवन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने मंगलवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह डाकघर नेहरु पथ के संपर्क पथ राम जयपाल पथ पर स्थित है। इस डाकघर के अंतर्गत आने वाले आम नागरिकों को डाकघर की सुविधा का लाभ मिल सकेगा । राम जयपाल नगर उप डाकघर से डाकघर की सभी सेवाओं जिनमें डिजिटल बैंकिंग एवं अन्य डाकघर की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ वहाँ के आम-जनमानस को प्राप्त होगा। यह एक कोर बैंकिंग सर्विस उप डाकघर है, इस उप डाकघर में डाक सेवाओं के अतिरिक्त अन्य आधुनिक वितीय सेवाओं का समावेश किया गया है। जिसमें बचत बैंक के सभी स्कीमों के साथ साथ स्पीड पोस्ट पार्सल एवं पंजीकृत पत्रों के बुकिंग एवं भेजने से सम्बंधित कार्य भी किये जायेंगें, जिससे राम जयपाल नगर एवं आसपास के लगभग पन्द्रह हजार की आबादी को बेहतर डाक सुविधा प्रदान करने हेतु डाक विभाग कटिबद्ध है। राम जयपाल नगर उप डाकघर नये भवन के शुभारंभ को लेकर स्थानीय निवासियों एवं व्यवसाइयों में हर्षोल्लास का माहौल था। उद्घाटन के दौरान स्थानीय ग्राहकों विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, आम जनता, आसपास के दुकानदारों एवं आम जनता ने डाक विभाग के प्रति कृतज्ञता जतायी कि विभाग हमारी सुविधाओं का ख्याल रखती है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने मां वैष्णो देवी सेवा समिति के कार्यों की सराहना की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिरला से पटना राजभवन में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के अध्यक्ष जगजीवन सिंह, सचिव कन्हैया अग्रवाल कन्नू, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया, शिव शर्मा ने उनसे मुलाकात कर अपने संस्था के कार्यों के बारे में बताया। समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय को माँ वैष्णो देवी का प्रतीक चिन्ह दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनके कार्यों की सराहना की और उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "मां वैष्णो देवी सेवा समिति एवं माँ ब्लड सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यों से समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन आया है और यह प्रदेश एवं हमारे देश के लिए एक गर्व की बात है।" उन्होंने सदस्यों को भविष्य में और अधिक कार्य करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

## बीजेपी एनआरआई सेल ने कैंप लगाकर जरुरतमंद लोगों का बनाया आयुष्मान कार्ड

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मंगलवार को कुम्हरार पार्क में बीजेपी ठफक सेल द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष्मान भारत योजना के सैकड़ों जरुरतमंद स्थानीय लोगों का कार्ड मुफ्त में बनाया गया। सभी ने बीजेपी एनआरआई सेल के प्रयास की तारीफ की और कहा कि मोदी सरकार की इस आयुष्मान भारत योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस मौके पर जानकारी देते हुए बीजेपी एनआरआइ सेल के संयोजक मनीष सिन्हा ने कहा भाजपा एनआरआई सेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जन जन के स्वास्थ्य के कल्याण के लिए शुरू की है, जिसके तहत आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाया गया। सैंकड़ों लोगों ने योजना का लाभ प्राप्त के लिए आवेदन किया। उन्होंने कहा कि छूटे हुए लोग कभी भी बीजेपी एनआरआई कार्यालय में आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गरीब परिवार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की इस योजना से चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो देश के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से हम प्रदेश के नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बिहार चुनाव में भाजपा का चेहरा कौन?

नई सोच एक्सप्रेस

» जनता को चुनाव से हो रही है नफरत
» बिहार के अगला मुख्यमंत्री कौन प्रशांत किशोर, चिराग पासवान या तेजस्वी यादव




**फतुहा।** बिहार भाजपा का दुर्भाग्य है कि जहां एक भी मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है, जबकि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। जहां नरेंद्र मोदी जैसे मार्गदर्शक प्रधानमंत्री हैं। जिनके द्वारा 300 से ज्यादा जनहित में योजनाएं चलाई जा रही है। जबकि ये योजनाओं का लाभ जनमानस तक नहीं पहुंच रहा है। जिसका मुख्य कारण है अयोग्य व्यक्ति को दायित्व सौंपना, जिसने न कभी भ्रष्टाचार का विरोध किया, न कभी धरना दिया और न ही कभी अनशन करने का इतिहास रहा है। वैसे लोगों को वंचित रखना जिनका अन्याय का विरोध करते रहना इतिहास रहा है। आमरण अनशन जैसे कठोर कदम उठाते रहना। इन स्थिति में जनता को चुनाव से नफरत करने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है जिसका मुख्य कारण है हम वोट किसी को दें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही होंगे। नीतीश कुमार के पास एक भी सीट रहेगा तथा राजद या भाजपा के पास एक सीट का अभाव रहेगा तो भी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। बिहार के भाजपाई सत्ता में रहते हुए भी अपना छवि अलग बना नहीं सका। सभी विधायकों के तरह भाजपा के विधायक भी मोबाइल रिचार्ज के लिए 8 हजार पांच सौ रुपए प्रत्येक महीना ले रहे हैं। भाजपा के विधायक और मंत्री को बता देना चाहिए था कि मैं वेतन लेता हूं , वेतन के पैसा से रिचार्ज करवाएंगे। फंड का पैसा ठेकेदार को न देकर सरकारी अधिकारियों सौंप देते क्योंकि ठेकेदारी और ईमानदारी साथ-साथ नहीं चल सकती है। तथा कार्यकर्ताओं को निगरानी का जिम्मेदारी सौंप देते कि गुणवत्ता में कमी नहीं हो। जनता के नजरों में तीन में एक मुख्यमंत्री बन सकते हैं- प्रशांत किशोर, चिराग पासवान या तेजस्वी यादव। आजादी के बाद से देश का हालात कैसे बिगड़ता जा रहा है भले ही हर साल की तरह सन 1947 से हर वर्ष हम 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराने की रस्म अदा करते आ रहे हैं हम अपने राष्ट्रध्वज के नाम नमन करते आ रहे हैं कि उन्हें हमने एक पहचान दी है। तत्कालिन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने लंदन में कहा कि हमारे शासन से तो अंग्रेजों का शासन अच्छा था तब की कानून व्यवस्था अच्छी थी क्योंकि तब कोई डाकू, खूनी, बलात्कारी और लुच्चा-लुटेरा सांसद, मंत्री या विधायक नहीं बन सकता था। लेकिन आज हम आजाद हैं। राजनीतिक दलों की फसल बेशर्म की झाड़ियो से भी ज्यादा रफ्तार से उग रही है। सत्ता अब किसी एक की बूते नहीं है बल्कि गठबंधनों के बल पर चल रही है। क्या हम आजाद हैं? हमें केवल लाठी, गोली खाने और बेशुमार टैक्स चुकाने का अधिकार है। देश में उग्रवाद, आतंकवाद जैसे उपहार अंग्रेजों की देन है या आजादी की देन है? जिसने हमें इस कदर जकड़ लिया है कि हमारे मंत्री जेल में बंद शैतान को उसकी ऐशगाह के दरवाजे तक छोड़ने जाते हैं। पूजा प्रार्थना के ठिकाने भी असुरक्षित है ,अपने तीज त्यौहार भी हमें सरकारी बल और बंदूक के साए में मनाने पड़ते हैं। क्या यही आजादी है हम परमाणु शक्ति सम्पन्न हैं ,लेकिन हमारा भविष्य बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया गया है। माचिस कि तीली किन्ही और के हाथों में है। यह कैसी आजादी है। शिक्षा दान की नहीं व्यापार की वस्तु बन गई है ।चिकित्सा सेवा नहीं सौदा हो चुकी है। न्याय इतना महंगा और केंचुआ चाल है कि हम खुद उस पर विश्वास करने करने की जगह डरते हैं। क्या यही आजादी है।

## स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी की स्मृति में विशेष आवरण का विमोचन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मंगलवार को महावीर मंदिर, पटना में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी की स्मृति में एक विशेष आवरण का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बिहार डाक परिमंडल द्वारा किया गया। विशेष आवरण का विमोचन अनिल कुमार, मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार परिमंडल, पटना द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अशोक चौधरी, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए श्रीमती शांभवी चौधरी, सांसद, समस्तीपुर, और स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के सुपुत्र श्री सयान कुणाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार डाक परिमंडल के वरिष्ठ अधिकारी, जैसे श्री पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय), बिहार परिमंडल, पटना, श्री रंजय कुमार सिंह, मुख्य डाकपाल, पटना जी.पी.ओ., श्री मनीष कुमार, वरिष्ठ अधीक्षक, पटना मंडल, और श्री रॉबिन चंद्र, सहायक निदेशक (फिलेटली), सर्कल कार्यालय, पटना सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के जीवन और उनकी विरासत को याद किया। उन्होंने समाज और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति उनके योगदान और महावीर मंदिर से उनके गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। मुख्य डाक महाध्यक्ष, श्री अनिल कुमार ने विशेष आवरण का विमोचन करते हुए कहा, "यह विशेष आवरण आचार्य किशोर कुणाल जी के असाधारण जीवन और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इस पहल के माध्यम से उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।" मुख्य अतिथि डॉ. अशोक चौधरी ने कहा, "आचार्य किशोर कुणाल जी का कार्य क्षेत्र और उनका जीवन अनेक लोगों के लिए मार्गदर्शक रहा है। यह स्मारक आवरण उनके प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है।" कार्यक्रम का समापन परिवार के सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों द्वारा स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ हुआ। यह आयोजन उनके जीवन और योगदान को स्मरणीय बनाने वाला अवसर बना।

## चिराग पासवान ने स्विट्जरलैंड में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को और सशक्त बनाने और उद्योगों को बढ़ावा के लिए हेनरिक ब्राउन के साथ सार्थक चर्चा की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने स्विट्जरलैंड के दावोस में कोका कोला के COO हेनरिक ब्राउन के साथ भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को और सशक्त बनाने और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सार्थक चर्चा हुई। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूत करने और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। परस्पर सहयोग के माध्यम से हम भारतीय उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेंगे। हम सभी भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री जी के 2047 तक "विकसित भारत" के लक्ष्य को साकार करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भी अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदली बिहार की तस्वीर और तकदीर: हिमराज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई बिहार विकास की नई गाथा लिख ऊंचाईयों को छू रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल में बदहाल बिहार को संवारकर राज्य की तस्वीर और तकदीर को बदलने का काम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रगति यात्रा के दौरान किशनगंज जिले में विकास कामों के लिए सैंकड़ों करोड़ों की सौगात से जिले में विकास को नए पंख लगेंगे जिससे लोगों का जीवन आसान हो सकेगा। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बिहार में चाहे सडक संपर्कता हो, शिक्षा हो, सरकारी नौकरी और रोजगार हो, स्वास्थ्य क्षेत्र हो, हर घर शुद्ध नल का जल पहुंचाने की बात हो उन्होंने राज्य में हर क्षेत्र में विकास करने का काम किया है जिसकी मदद से आज लोगों को जीवन सुलभ हो सका है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बिहार के विकास को लेकर संकल्प ही है कि, शासन संभालने के बाद अबतक उन्होंने राज्य भर की 15 यात्राएं की है और जिलों को विकास की नई सौगातें दी है। वर्तमान समय में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वो एक बार फिर से जिलों की यात्रा पर हैं जहां वो विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं साथ ही जिलों में सैकड़ों करोड़ों रुपए की नई योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किशनगंज जिले कोमुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सैकड़ो करोड़ों रुपए की योजनाओं की सौगात दी है जिससे पूर्व से लंबित विकास कामों को नई गति मिल सकेगी साथ ही नई विकास योजनाओं पर काम किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

» ठंड के मौसम में रेल परिचालन के प्रति विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा उपलब्ध यात्री सुविधा, रेल संरक्षा सहित पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की । परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्देश दिया । बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़ियों का समय-पालन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास एवं विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एवं कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । महाप्रबंधक ने संरक्षा सर्वोपरि के महत्व को रेखांकित करते हुए ठंड के मौसम में रेल परिचालन के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया ।

### गया स्टेशन पर विकास कार्यों के कारण पूर्व में रद्द की गई गाड़ियों का परिचालन 22 जनवरी 25 से बहाल कर दिया गया है

**हाजीपुर।** गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 4 एवं 5 पर चल रहे विकासात्मक कार्यों के मद्देनजर पूर्व में रद्द की गई निम्नलिखित गाड़ियों का परिचालन दिनांक 22.01.25 से बहाल कर दिया गया है ।

गाड़ी संख्या 63242 / 63245 गया - पटना - गया मेमू सवारी
गाड़ी संख्या 03668 / 03667 गया - पटना - गया स्पेशल
गाड़ी संख्या 53634 / 53635 गया - किउल - गया

### लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने जीती राइज कप क्रिकेट सीरीज

**पटना।** श्रीराम खेल मैदान क्रिकेट ग्राउंड पर राइज कोचिंग आईआईटी द्वारा प्रायोजित चल रही राइज कप तीन मैचों की क्रिकेट सीरीज का खिताब लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने 2-1 जीत लिया। पहले और अंतिम मैच में लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट विजयी रहा जबकि दूसरे मैच में श्रीराम खेल मैदान ने जीत हासिल की थी। तीसरे व अंतिम मैच में लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने श्रीराम खेल मैदान को 6 विकेट से हराया। श्रीराम खेल मैदान ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 178 रन बनाये। जवाब में लर्निंग स्कूल ऑफ क्रिकेट ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया।

### नगर आयुक्त ने डम्पिंग यार्ड का किया निरीक्षण

बैरिया में कचरे के निष्पादन के साथ रहेगी ग्रीनरी

**पटना।** नगर आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के द्वारा पटना नगर निगम के डम्पिंग यार्ड, रामचक बैरिया का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान संतोषजनक स्थिति पाई गई। नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया है कि स्थल पर ग्रीनरी भी हो जिससे स्थल बेहतर नजर आए। नगर आयुक्त द्ववारा रामचक बैरिया के डम्पिंग साईट पर धर्मकांटा के चारों ओर प्लेटफॉर्म, एप्रोच सिमेंट कंक्रीट रोड भाग-ए एवं भाग-बी, दो अग्नि(जल) हाड्रेन्ट का अधिष्ठापन, शेड का निर्माण एवं पशु शवदाह गृह का निरीक्षण किया गया। संबंधित कर्मियों को निरंतर अपशिष्ट पदार्थों का नियमानुसार प्रसंस्करण के लिए कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही स्थल पर पर्याप्त रोशनी के लिए हाई मास्ट लाइट लगाने का भी निर्देश नगर आयुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत को दिया गया। इसके साथ ही वॉटर स्प्रिंकलर द्वारा निरंतर पानी का छिड़काव करते रहने के लिए भी मशीन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त, पटना नगर निगम अनिमेष कुमार पराशर, अपर नगर आयुक्त राजन सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक एवं नगर निगम के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

### शिक्षक आंदोलन में माध्यमिक शिक्षक संघ का योगदान अतुलनीय

**पटना।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरा होने पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ का राज्य मुख्यालय, जमाल रोड, पटना सहित बिहार के समस्त जिला मुख्यालयों में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झंडोतोलन, दीप प्रज्वलन तथा वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ भवन जमाल रोड, पटना में अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह एवं महासचिव व पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने झंडोतोलन किया। अध्यक्ष, महासचिव, सचिव मंडल सदस्यों, कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डॉ. संजीव कुमार सिंह एवं तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक कर्यक्रम का आरंभ किया। इस मौके पर संघ के अनेक नेताओं को जिन्होंने शिक्षक आंदोलन को अपना जीवन दिया, उन्हें पुष्प माला एवं अंगवस्त्र दे कर सम्मानिक किया गया।बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव एवं पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षक संघ के महान संस्थापकों, पुरखों के पुरुषार्थ, त्याग-तपस्या, ब्रिटानिया साम्राज्यवादी सल्तनत को शिकस्त देने वाले गौरवपूर्ण इतिहास के सौ अध्यायों को याद किया। आज की राजसत्ता की संवेदनहीनता के सन्नाटे को तोड़ने का आह्वान किया। वैसे संघनिष्ठ साथियों को सलाम किया जिन्होंने राज्य कार्यकारिणी के निर्णयों के आह्वान पर आज तक सक्षमता परीक्षा नहीं दी, केवल प्रधानाध्यापक की परीक्षा दी। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रघुवंश प्रसाद सिंह ने शिक्षकों की एकता के लिए आह्वान किया। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज का दिन शिक्षकों के लिए इसलिए गौरवशाली है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपने आप को सौ वर्षों तक अपने आप को जीवन्त बनाये रखा है। संघ का संघर्षों और उपलब्धियों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, उम्मीद है कि आगे भी यह अपने इतिहास को दुहरायेगा। कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद संजीव कुमार सिंह ने बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ के शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ का इतिहास संघर्षों से भरा है। बिहार में आज शिक्षकों की अनेक कोटियां बन गयी हैं। जरूरत है कि सभी कोटि के शिक्षक आज एकजुट हो जाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षक शिवम शुक्ला ने कथक नृत्य में गणेश वंदना, शिक्षक संतोष सागर ने शास्त्रीय संगीत की, दीपेश ने भजन एवं शिक्षक कल्पना पोद्दार ने मैथिली गीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता जितेंद्र कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन पटना जिला संघ के अध्यक्ष नित्यानंद सिंह ने किया। इस शताब्दी समारोह को राज्य संघ के शिक्षक नेता सहित राज्य भर के अनेक शिक्षकों ने यादगार बनाया।

## खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं - संतोष

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एमएसएमई विकास कार्यालय पटना के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ग्रेड 1 आईईएस, ने पटना के फुलवारी शरीफ स्थित मदर इंटरनेशनल टीचर ट्रेनिंग अकादमी में खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम किया । पटना के फुलवारी शरीफ प्रखंड के अंतर्गत मदर इंटरनेशनल टीचर ट्रेनिंग अकादमी के सभागार में आज एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के 70 / 80 युवक युवतियों में भाग लिया। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ग्रेड 1 आईईएस ने उपस्थित लोगों को एमएसएमई की क्रियाकलापों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया और लोगों को अपने क्षेत्र में उद्योग लगाकर समाज में उत्पन्न बेरोजगारी की समस्या का समाधान देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन MSME पटना के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ग्रेड 1 आईईएस, जिला उद्योग केंद्र के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री विद्याभूषण पाठक, MITTA के निदेशक, मोहम्मद अरशद अहमद, प्राचार्या डॉक्टर गुलिस्ता खातून, श्रीमती सुप्रिया चटर्जी,श्रम शक्ति की सचिव श्रीमती उषा तिवारी, श्रीमती कुमारी सपना, पल्लवी कुमारी, श्री राजेश कुमार सिंह, श्री अंकेश कुमार आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। उद्योग विभाग, बिहार सरकार के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री विद्याभूषण पाठक ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बिहार सरकार उद्योग विभाग की महत्वाकांक्षी योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना से जुड़कर उद्योग क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक श्री अंकेश कुमार ने उपस्थित बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। श्रम शक्ति की सचिव श्रीमती उषा तिवारी एवं पल्लवी कुमारी ने खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्योग के बारे में बहुत सी जानकारियां प्रदान किया। MSME के सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार साहू ग्रेड 1 आईईएस ने अपने मंत्रालय के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारियां लोगों को प्रदान किया और लोगों से इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने को कहा। MITTA की प्राचार्य या डॉक्टर गुलिस्ता खातून ने भी लोगों को उद्योग लगाकर बेरोजगारी दूर करने में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री राजेश कुमार सिंह ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अंत में श्रीमती कुमारी सपना ने उपस्थित लोगों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया और धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

## प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रामलला ने किया अन्न, पुष्प, फल व घी में शयन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पंचरूपी हनुमान मंदिर राजवंशी नगर में भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन अयोध्या से आये आचार्यो ने विशेष पुजा अर्चना की। इस दौरान यज्ञमान बने मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रतिष्ठा पूजा के दौरान पूजा अर्चना व हवन किया। अयोध्या से आये आचार्य अभय तिवारी ने बताया कि उनके साथ आये गौरव शुक्ला, शिवेश पांडेय, चन्द्रशेखर दुबे, मुकेश पांडेय, नीतेश पांडेय व राहुल झा टीम ने अयोध्या राममंदिर की आवाहन विधि से पहले गौरीगणेश की पूजा की उसके बाद सोमवार को जल में शयन कर रहे रामलला की प्रतिमा को बारी बारी से अन्नाधिवास, फिर पुष्पाधिवास, धृताधिवास, फलाधिवास व द्रव्याधिवास कराया गया। इस दौरान भगवान के आवाह्न से संबंधित विशेष पूजा अर्चना व हवन कराया गया। मंदिर में सजावट व अन्य व्यवस्था के संबंध में मंदिर के न्यास समिति के सदस्य व मीडिया प्रभारी आलोक कुमार व मुख्य पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर मंदिर को विशेष फूलों से सजाया गया और पंचरूपी हनुमान जी की भी विशेष पूजा अर्चना की गयी। शाम के समय मंदिर में भक्तों के बीच हलवा प्रसाद विरण किया गया। इस मौके पर मंदिर न्यास समिति के सदस्य प्रेम कुमार, आलोक कुमार भगवान राम, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, सुरेन्द्र दुबे,पुजारी राजेश झा, अजय झा, शिवकांत झा, बिरजु मिश्रा, धीरज दुबे, संजीव रंजन, रामवली प्रसाद, सुनील कुमार, विपीन कुमार सहित बड़ी संख्या में सहयोगी मौजूद रहे।

## खेल शिष्टाचार की भावना को बढ़ाता है : मिन्नत रहमानी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** एमजीएम कॉलेज ऑफ फामेर्सी और आईपीए-एसएफ बिहार शाखा के संयुक्त तत्वावधान में इंटर फामेर्सी कॉलेज टूनामैंनेट का उद्घाटन खगौल के जगजीवन स्टेडियम में किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन कांग्रेस नेता सह पूर्व चेयरमैन मिन्नत रहमानी के द्वारा किया गया । इस मौके पर मिन्नत रहमानी ने कहा कि क्रिकेट समेत सभी खेल जाति धर्म से ऊपर उठकर एकता और शिष्टाचार का संदेश देता है । इस तरह के आयोजन से छात्रों का कॉन्फिडेंस बढ़ता है और खेल के साथ साथ पढ़ाई में भी रुचि बढ़ती है ।पहले दिन बिहार कॉलेज ऑफ फामेर्सी और मगध इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के बीच आयोजित क्रिकेट मैच में बिहार कॉलेज ऑफ फामेर्सी ने 5 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर मैच के मुख्य आयोजक आईपीए-एसएफ बिहार ब्रांच के सचिव रवींद्र लाल बनर्जी और एमजीएम कॉलेज ऑफ फामेर्सी की प्रिंसिपल डॉ. अर्चना भी मौजूद रहीं। मैच का संचालन बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायर सुनील और उनकी टीम ने किया। इस दौरान मैच का कमेंट्री कार्यभार संभाला हिमांशु कुमार ने, जिन्होंने अपने बेहतरीन कमेंट्री से छात्रों को रोमांचित किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह का समापन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह का समापन युवा आवास पटना में किया गया । सप्ताह भर खेल कूद, संस्कृति कार्यक्रम, स्वच्छता , श्रम संस्कार, हस्तकला , शांति शिविर, वस्त्र वितरण किया गया । समापन के मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि आज हम सभी एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं, जहां हमारे पास न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन को संवारने का अवसर है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान देने की जिम्मेदारी है। स्वामी विवेकानंद जी ने हमारे जीवन में जो प्रेरणा और दिशा दी है, वह आज भी हमारे अंदर की शक्ति को जागृत करती है। उनकी वाणी हमें यह समझाती है कि युवा शक्ति ही समाज और राष्ट्र के परिवर्तन का आधार है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था, "उत्तम व्यक्ति वही है जो अपने जीवन को लक्ष्य और उद्देश्य के साथ जीता है।" यह शब्द आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हमारे जीवन का उद्देश्य केवल अपने व्यक्तिगत लाभ की चिंता करना नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें समाज की सेवा और राष्ट्र के उत्थान की दिशा में भी अपने प्रयासों को लगाना चाहिए। हमारे भीतर की शक्ति और ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग ही हमें सही मार्ग पर ले जाएगा।वे यह भी कहते हैं, "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" आज जब हम समाज में हो रहे बदलाव को देख रहे हैं, तो हमें आत्मविश्वास और साहस से भरे हुए कदमों की आवश्यकता है। कोई भी कठिनाई हो, हमें उसे पार करने के लिए पूरी ताकत से जुटना होगा। हमारे पास वह क्षमता है, जो किसी भी चुनौती को मात दे सकती है। आत्मविश्वास से हम अपने सपनों को हकीकत बना सकते हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने शारीरिक और मानसिक संतुलन की भी बात की थी। उनका कहना था, "एक मजबूत शरीर में ही एक मजबूत आत्मा का वास होता है।" यदि हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे, तो मानसिक रूप से भी मजबूत होंगे और जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेंगे। यह हम सभी के लिए आवश्यक है कि हम अपनी शारीरिक शक्ति और मानसिक दृढ़ता को एक साथ विकसित करें। आप सभी युवाओं से मैं यही कहना चाहता हूं कि शिक्षा और ज्ञान प्राप्ति की ओर हमेशा अग्रसर रहें। स्वामी विवेकानंद जी के शब्दों में, "ज्ञान से ही शक्ति आती है।" यदि हम अपनी सोच को सकारात्मक और सृजनात्मक दिशा में लगाते हैं, तो हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के लिए भी एक नया रास्ता तैयार कर सकते हैं। आज के युवा ही कल देश का नेतृत्व करेंगे, और यह कार्य तभी संभव है जब हम स्वयं को पूरी तरह से समर्पित कर दें। आखिरकार, स्वामी विवेकानंद जी ने यह भी कहा था, "तुम्हें अपनी शक्ति का उपयोग समाज की भलाई के लिए करना चाहिए।" युवाओं को समाज की जिम्मेदारी समझनी चाहिए और अपनी ऊर्जा को समाज के कल्याण में लगानी चाहिए। आज के युवा ही कल भारत को एक नया और समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। हमारे पास शक्ति है, साहस है, और सबसे महत्वपूर्ण, एक दृढ़ विश्वास है कि हम अपने प्रयासों से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं। आइए हम सभी मिलकर एक नए भारत की रचना करें, जहां युवा शक्ति का सही उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास के लिए हो। प्रेम यूथ फाउंडेशन आपके साथ है, और हम सब मिलकर अपने महान राष्ट्र को महान बनाएंगे । मौके पर फाउंडेशन के निदेशक देवानंद कुमार, जया पाठक, स्नेहा , दुर्गा, दिव्या, सन्नी समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## लोदीपुर में श्रमिक चौपाल का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय , राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से प्रखण्ड के लोदीपुर में श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय निदेशक विनोद जोशी ने कहा कि श्रमिको के कल्याण के लिए केंद्र सरकार प्रतिवद्ध है दर्जनों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है । श्रमिको को योजनाओं के बारे में जगरूकता लाने के लिए यह चौपाल आयोजित किया गया है । उन्होंने सभी श्रमिको से ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड, लेवर कार्ड बनबाने का अपील किया है उन्होंने बताया कि भी तक सैंकड़ो लोगो का कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है । वहीँ फाउंडेशन के स्वयंसेवक गोपी कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा । श्रमिको के उत्थान के लिए फाउंडेशन हर स्तर पर मदद को तैयार है । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो कामरान ,सुनील कुमार, सुकेश कुमार, रॉकी कुमार,डब्लू कुमार मौजूद रहे ।

## इनर व्हील क्लब पाटलिपुत्र ने वरिष्ट नागरिक अस्पताल में दिया चार बेड एवं जरूरत का सामान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की ओर से महावीर वरिष्ट नागरिक अस्पताल में मरीजों के लिए फिजियोथेरेपी विभाग में 4 बेड दिया। महावीर वरिष्ट नागरिक अस्पताल राजीव नगर रोड नंबर 24 में महावीर मंदिर द्वारा संचालित है। यहां कमर दर्द, गर्दन दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव का इलाज़ फिजियोथेरेपी द्वारा किया जाता है। मौके पर कार्यक्रम में अस्पताल के संयुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर निखिल गोयल, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ.सनी आदि उपस्थित थे। इस अस्पताल में वरिष्ट नागरिकों के लिए रिक्रिएशन एक्टिविटी रूम का उदघाटन पूर्व मंडला अध्यक्षा श्वेता सिन्हा, वीणा जैन द्वारा किया गया। क्लब ने अस्पताल में विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र एवं 4 बेड का अनुदान दिया। पूर्व मुख्य सचिव बी एस दुबे ने बुजुर्गों की सहायता में किए गए कार्यों की सराहना की और धन्यवाद दिया और बताया कि स्व. आचार्य श्री किशोर कुणाल जी द्वारा संस्थापित संस्थान मानव कार्य के लिए एक उत्कृष्ट नमूना है। एम पी जैन ने बताया कि मौके पर क्लब की अध्यक्ष संगीता गोयल पूर्व अध्यक्ष सुनीता खेमका बबीता बिदासरिया आदि उपस्थित थी।

## चैम्बर द्वारा उप मुख्य (वित्त) मंत्री, बिहार की अध्यक्षता में उद्योग आई.टी. एवं टैक्सेशन प्रक्षेत्र से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श हेतु बजट पूर्व बैठक में विस्तृत सुझाव समर्पित

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मंगलवार को उद्योग, आई.टी. एवं टैक्सेशन प्रक्षेत्र से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श के लिए उप मुख्य (वित्त) मंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता एवं उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा की उपस्थिति में बजट पूर्व बैठक हुई जिसमें बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की ओर से उद्योग, आई.टी. एवं टैक्सेशन प्रक्षेत्र से संबंधित विस्तृत ज्ञापन समर्पित किया गया । चैम्बर अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने चैम्बर द्वारा उठाये गये सभी बिन्दुओं को धैय पूर्वक सुनने एवं उसके निदान के लिए विभाग की ओर से पहल करने का आश्वासन देने के लिए उप मुख्य (वित्त) मंत्री एवं उद्योग मंत्री तथा विभाग के वरीय पदाधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। बैठक में चैम्बर की ओर से उपाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, अभिजित वैद, सुनील कुमार एवं आशीष प्रसाद सम्मिलित हुए।

**चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने बताया कि बजट पूर्व बैठक में उप मुख्य (वित्त) मंत्री को निम्नांकित प्रमुख बिन्दुओं पर ध्यान दिलाया गया :-**

अभी तक जो उद्योग विभाग का बजट रहा है वह काफी कम प्रतीत होता है 2025 2026 में उद्योग विभाग के बजट को औद्योगिकरण को गति प्रदान करने हेतु बढ़ाया जाना चाहिए । बियाडा की ओर से मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट के साथ-साथ एमएसएमई की परिभाषा के अन्तर्गत आनेवाले सभी उद्यमों को भूमि का आवंटन किया जाना चाहिए । उद्योग के लिए भूमि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भूमि बैंकों की स्थापना किया जाना चाहिए, बड़ी परियोजनाओं के लिए भूमि की खरीद के लिए उद्यमी एवं किसान के बीच सरकार को फेसिलिटेटर की भूमिका का निर्वहन करना चाहिए तथा ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना किया जाना चाहिए । डोभी के अतिरिक्त गया और कैमूर के बीच कम-से-कम दो अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जानी चाहिए । उद्योगों को प्रत्येक साल फायर ऑडिट कराने की अवधि को बढ़ाकर पाँच साल किया जाना चाहिए । बिजली की दर को पूर्णनिर्धारण करके पड़ोसी राज्यों के समकक्ष किया जाना चाहिए अथवा उद्योगों को सब्सीडी के रूप में सहयोग राशि दी जानी चाहिए । पावापुरी, काकोलत, बिक्रमशिला भागलपुर गया, नंदनगढ़, लौरिया बेतिया, केसरिया, बराबर की गुफा, सीतामढ़ी को पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जाना चाहिए । राज्य के लिए भूजल प्राधिकरण को चालू किया जाना चाहिए इससे उद्यमियों को सुविधा के साथ-साथ राज्य को राजस्व की प्राप्ति होगी । हल्दिया और इलाहाबाद के बीच कार्गो की आवाजाही हेतु पटना के रास्ते गंगा नदी में जल मार्ग में आवश्यक सुधार करके प्रारम्भ किया जाना चाहिए। कोल्ड स्टोरेज के प्रमोशन के लिए कोल्ड स्टोरेज को विद्युत की आपूर्ति एग्रीकलचर के लिए निर्धारित विद्युत की दरों के समान ही की जानी चाहिए जैसा कि पश्चिम बंगाल में है। राज्य सरकार तथा इसके विभिन्न उपक्रमों में होनेवाली खरीद में स्थानीय उद्योगों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए । उद्यमियों के प्रोत्साहन राशि से संबंधित जो भी लंबित मामले हैं उनका निपटारा शीघ्रातिशीघ्र किया जाना चाहिए । पटना सहित बिहार में आईटी अवसंरचना तथा डिजिटल कनेक्टिविटि को और बढ़ाया जाना चाहिए साथ ही साथ हैदराबाद के तर्ज पर पटना के आस-पास आईटी पार्क स्थापित किया जाना चाहिए । आई.टी. सेक्टर की भांति आई.टी. के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे उद्यमियों को भी सभी प्रकार के इनसेंटिव देने हेतु आवश्यक फंड का प्रावधान किया जाना चाहिए । वर्तमान में रिश्तेदार एवं पब्लिक चैरीटेबल ट्रस्ट को अचल संपति उपहार में देने पर सामान्य दर से ही स्टाम्प ड्यटी एवं निबंधन शुल्क लगायी जाती है जो व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है साथ ही इस कारण से कई प्रकार के भूमि संबंधी विवाद भी उत्पन्न होते हैं। अतः रिश्तेदार एवं पब्लिक चैरीटेबल ट्रस्ट को उपहार किए गए अचल संपत्ति पर स्टाम्प ड्यटी एवं निबंधन शुल्क के मद में अधिकतम एक मुश्त 5000/- रूपया निर्धारित किया जाना चाहिए । गैर-आवासीय सम्पत्ति कर के वार्षिक किराया को दुगुणा- तीन गुणा वृद्धि कर दिया गया है जो व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है। सरकार द्वारा व्यवसायियों से पूर्व से ही कई प्रकार के करों की वसूली की जा रही है उसके बावजूद एक और आर्थिक बोझ डालना न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। अतः यह वृद्धि अधिकतम 10% से 15% तक ही होना चाहिए, इस पर पुनर्विचार किया जाए। बिहार पेशा कर के अन्तर्गत हरेक व्यवसायिक या पेशे से जुड़े प्रतिष्ठान को वार्षिक रकम का भुगतान करना होता है। उक्त अधिनियम को या तो पूर्ण रूप से हटाने पर विचार करना चाहिए अथवा दुकान एवं प्रतिष्ठान से जोड़ने पर विचार करना चाहिए । व्यवसायियों को वैट/जीएसटी प्रतिपूर्ति के दावों को प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः जीएसटी प्रतिपूर्ति के क्लेम का तेजी से निष्पादन हेतु आवश्यक कदम उठाया जाना चाहिए जिससे कि उद्योगों को प्रतिपूर्ति राशि मिल सके और फंड का ब्लॉकेज न हो। राज्य में ई-वे की वर्तमान सीमा जो 1 लाख है उसे बढ़ाकर 3 लाख रूपये किया जाना चाहिए । इससे छोटे करदाताओं के व्यापार में बढ़ोत्तरी एवं सुविधा होगी । ई-इनवायस जिन करदाताओं को लागू है उनको एक ही शहर के अन्दर माल के आवागमन पर ई-वे बिल की अनिवार्यता को समाप्त किया जाना चाहिए । लगातार दो माह का रिटर्न फाइल नहीं होने पर ई-वे बिल ब्लॉक कर दिया जाता है। उक्त 2 महीने का समय काफी कम है। इसे सामान्य श्रेणी के लिए 6 महीने की रिटर्न एवं कम्पोजिशन श्रेणी के लिए 2 त्रैमासिक की रिटर्न फाइल नहीं होने पर लागू किया जाना चाहिए ।

## संक्षिप्त समाचार

### विशिष्ट शिक्षको का प्राण नम्बर जेनरेट करने का आदेश निर्गत



**छपरा।** शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में विद्यालय में योगदान देने वाले विशिष्ट शिक्षकों का यथाशीघ्र प्राण नम्बर जेनरेट करने के लिए आवश्यक विभागीय कार्यवाई करने का आग्रह डीइओ विद्यानन्द ठाकुर से किया गया था । जिससे विशिष्ट शिक्षकों के जनवरी माह के भुगतान में कठिनाई न हो क्योंकि विशिष्ट शिक्षकों को अब एनपीएस का लाभ प्राप्त होगा जिसके लिए प्राण नम्बर होना अनिवार्य है। शिक्षक नेता के इस अनुरोध को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना धनन्जय पासवान द्वारा शिक्षकों के प्राण नम्बर जारी करने का आदेश निर्गत किया गया।इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय, इंद्रजीत महतो,हवलदार मांझी,निजाम अहमद,शौकत अली,एहसान अंसारी,पीयूष तिवारी, श्यामबाबू सिंह,बलराम यादव,जिंतेंद्र सिंह,मंटू मिश्रा,अनुज यादव,विनायक यादव,सन्तोष सिंह,अशोक यादव,अनिल दास,सुमन कुशवाहा,स्वामीनाथन यादव समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया तीन को गिरफ्तार

**सुगौली।** स्थानीय पुलिस ने शराब कारोबारी साहित तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शराब कारोबारी मेहवा निवासी शिवसरन सहनी का पुत्र मुनीब सहनी को गिरफ्तार किया गया है। वही इसी गांव के पुराने केस के अभियुक्त भुगेशवर सहनी का पुत्र गुलाब सहनी को गिरफ्तार किया गया है। केस के वारंटी कोरेया गांव निवासी लालदेव भगत का पुत्र ब्रजकिशोर कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### सब्जी दुकान दूसरे जगह लगाने के लिए दिया गया ज्ञापन



**सुगौली।** चैंबर आफ कामर्स के द्वारा सब्जी मंडी को स्थानात्रण करने को लेकर ज्ञापन अंचलाधिकारी को दी गई । दिए गए आवेदन में बताया गया है की वार्ड नं सात में विगत 40 वर्षो से सब्जी की दूकान लग रही थी वह 2021 में करोना के प्रकोप के कारण सब्जी की दुकानें छपवा रक्सौल मुख्य मार्ग के ताज बाबू चौंक के समीप दोनो तरफ़ लगने लगा जिससे किसी पधाधिकारी , जनप्रतिनिधि का ध्यान नही पड़ा जिससे आज भी सब्जी दूकान लग रही है । दूकान लगने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना से कई मौत हो चुकी है । थाना परिसर में अंचलाधिकारी के अध्यक्षता में बैठक रखी गई थी । जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधि लोगो की सर्व समिति से तीन स्थानों का चयन कर सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, थानाध्यक्ष आदि लोगो के साथ निरक्षण किया गया।जिससे स्थानीय लोगो ने व सब्जी दुकानदारों का कहना था कि हम लोग इस स्थान पर चार वर्ष पूर्व दुकान लगाते थे उसी स्थान पर दुकान लगवाया जाए। इसी को लेकर चैंबर आफ कामर्स सुगौली के अध्यक्ष अशोक कुमार ,उपाध्यक्ष सतनारायण अग्रवाल, सचिव प्रयांशु सराफ, ने ज्ञापन सौंपा है।

### बोर्ड की सामान्य बैठक हुई शांतिपूर्ण



**सुगौली।** नगर पंचायत के सभागार में बोर्ड की सामान्य बैठक मंगलवार को हुई। बैठक पर नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्य पर चर्चा की गई। जो भी कार्य अधूरा है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। मुख्य पार्षद नसरीन अली ने कहा कि सभी वार्डो का विकास एक सामान्य होना चाहिए जो भी विकास कार्य अधूरा है जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उपमुख्य पार्षद श्रीमती सरीता शर्मा द्वारा निम्न विषय पर अग्रतर कारवाई हेतु प्रस्ताव रखा गया। नगर के चारों दिशा वार्ड संख्या-01 में छठ घाट के पास, वार्ड संख्या-19 समशान घाट में, वार्ड संख्या-13 सिकरहना पुल के पास व रेलवे पुल के पास, वार्ड संख्या-11 में नदी के तट पर और वार्ड संख्या- 4/5 में, शव दाह गृह शेड सह मुक्ति धाम का निर्माण कार्य कराई जाए। सभी बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य कराई जाए। रेलवे स्टेशन से एन एच 527 तक सड़क का उच्चीकरण, नाला निर्माण, सड़क के दोनो तरफ फेवर ब्लॉक, पोल सहीत स्ट्रीट लाइट व तिरंगा लाइट का अधिष्ठापन व सौंदर्यीकरण कार्य कराई जाए। बैठक में सभी वार्ड पार्षदों ने अपनी-अपनी बात रखी और अपने क्षेत्र में विकास से कार्य पर जोड़ दिया। बैठक में नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सहित सभी वार्ड पार्षद मौजूद थे।

### शांति निकेतन बलिया ने 7 विकेट से पवन इलेवन चकदौलत को किया पराजित

» राम लखन महतो मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 4 के दूसरा दिन




**समस्तीपुर/दलसिंहसराय।** स्थानीय बाजार समिति के प्रांगण में बाजार समिति क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित राम लखन महतो मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा मैच पवन इलेवन क्रिकेट क्लब चक दौलत एवं शांति निकेतन बेगूसराय के बीच खेला गया। जिसमें टॉस पवन इलेवन ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए 18.2 ओवर में अपना आखिरी विकेट खोकर 141 रन बनाए। बल्लेबाजों में अजीत ने 35, चंदन ने 20 और प्रशांत ने 16 रन बनाए। इनके विपरीत रासबिहारी, सोनू, गुड्डू व अमित ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में उतरी शांति निकेतन की टीम ने 8.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया और इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया। टीम के बल्लेबाजों में सुमंत ने 44, आशीष ने 35 और तौफीक ने 33 रनों का योगदान दिया। जबकि इनके विरुद्ध अविनाश को 2 एवं घनश्याम को 1 विकेट की कामयाबी मिली। इस मैच के बेस्ट प्लेयर सुमंत कुमार घोषित किया गया। जिन्हें अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। मैच में अंपायर के रूप में मो. नफीस एवं पंकज कुमार थे। स्कोरिंग का कार्य रूपक ऋषभ ने किया। जबकि शशि सिंह एवं मो. राजन की कॉमेंट्री ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर नवनीत कुमार, मो० चाँद, विनय कुमार, नीतीश कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एम.पी.पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस

» शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की आवश्यकताः राजेश

**छपरा।** गड़खा प्रखण्ड के चितामनगंज गढ़वाल टोला स्थित एम.पी.पब्लिक स्कूल का 10 वां वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। स्कूल के निदेशक विश्वरंजन कुमार सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत भाषण से किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने कृष्ण सुदामा मिलन, शिव तांडव पर भाव नृत्य के अलावे डांस,एकांकी,व भाषण,नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए पत्रकार राजेश उपाध्याय ने कहा कि मानव के चतुर्दिक विकासार्थ जिन कारकों को बुनियादी आवश्यकताएं हैं उसमें शिक्षा एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कारक है। शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की आवश्यकता है।बच्चे आज गुरू के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी सम्मान करें। समारोह में मुख्य रूप से संत मुरारी स्वामी,आप के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमात्मा




सिंह,रामबाबू सिंह,मनोरंजन सिंह,डा. अजीत कुमार,तूफान सिंह,पंकज कुमार सिंह,रंजन सिंह,कुणाल सिंह आदि उपस्थित थे। मंच संचालन जयप्रकाश सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पंकज सिंह ने किया।

## जिला में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया




नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद।** जिला में मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत MPCDSR प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में सभी स्वास्थ्य संस्थान के MDR / CDR के नोडल पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ प्रबंधक, अस्पताल प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उतप्रेरक एवं प्रखंड अनुश्रवण सहायक को प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण मे रीजनल लेवल से पीरामल स्वास्थ्य के डॉ उत्तम कुमार एवं जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद से सुनील कुमार ,जिला योजना समन्वयक, चंद्र शेखर जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी, जहानाबाद के द्वारा MPCDSR से संबंधित सभी बिन्दुओ पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही MPCDSR Portal पर प्रतिवेदन प्रतिवेदित करने हेतु जिला मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी के द्वारा विस्तृत तौर पर बताया गया। जिला योजना समन्वयक सुनील के द्वारा सभी नोडल पदाधिकारियो तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधको एव अस्पताल प्रबंधको को इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्वास्थ्य समिति को भेजने हेतु निर्देश भी दिए गए।

## शिव विवाह शोभा यात्रा के आयोजन के लिए बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** छपरा शहर के छत्रधारी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में शोभा समिति अध्यक्ष धर्मनाथ पिंटू की अध्यक्षता में मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्रीराम जानकी मंदिर से महाशिवरात्रि के पावन अवसर 26 फरवरी को निकलने वाले शिव बारात शोभा यात्रा को इस बार पिछले बार की अपेक्षा और भी भव्य तरीके से निकालने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही बारात को सफल बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उक्त बैठक में राजेन्द्र सिंह, किशन, टिंकू, पप्पू सिंह, संजय चंद्रवंशी,मनीष मिश्रा, प्रशांत, गोलू,यश गुप्ता, विवेक कुमार, अनिल कुमार, विद्यासागर तिवारी,भूपेन्द्र पांडेय, अंश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राजद कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर तथा स्टॉल लगाकर "माई बहिन मान योजना" का प्रचार-प्रसार किया

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** प्रखंड के पुनास तथा सिंघिया खुर्द पंचायत में स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर तथा स्टॉल लगाकर "माई बहिन मान योजना" का प्रचार-प्रसार किया । स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की 'माई बहिन मान योजना' की घोषणा को चुनावी नहीं बल्कि प्रतिबद्धता बताया । उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 'माई बहिन मान योजना' की घोषणा से एक बुनियाद पड़ेगी और महिला समृद्ध होगी, वह सुखी होगी तो परिवार खुशहाल होगा । उन्होंने कहा कि बिहार का नवनिर्माण महिलाओं की समृद्धि के बिना नहीं होगा। योजना के तहत बिहार की प्रत्येक महिला के बैंक खाते में प्रत्येक महीने 2,500 रुपए हस्तांतरण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेगी। महंगाई के कारण आज महिलाएं न अपने पसंद का कपड़ा पहन पा रही हैं और न खाना खा पा रही हैं। इस योजना के पैसे महिलाएं परिवार की भलाई, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च कर सकेंगी। इस योजना से महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने में मदद मिलेगी। बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए राजद विधायक ने कहा कि पूरे बिहार में अफसरशाही सिर चढ़कर बोल रही है। यहां के अधिकारी नौजवानों पर हाथ, पैर, लाठी सब चला रहे हैं। बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। अधिकारी अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव अगर बिहार के मुख्यमंत्री बनते हैं तो माई बहिन योजना को लागू करेंगे। प्रत्येक महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये पेंशन देंगे। उन्होंने कहा कि 2500 लाभार्थी के खाते में जाएंगे वह भी सरकार बनने के एक महीने बाद इस योजना की शुरुआत कर देंगे। विधायक ने कहा कि समस्तीपुर विधानसभा में घूम-घूम कर लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा लोग गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्राहिमाम एवं परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि महागठबंधन सरकार बनते ही बेरोजगारी को हटाने के लिए मुहिम शुरू की जायेगी। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, प्रखण्ड राजद अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला महासचिव राकेश कुशवाहा, समाजसेवी देवशंकर राय, राजद नेता बिलट सिंह, छोटेलाल पासवान, रज़ीउल इस्लाम, मीडिया प्रभारी मन्नू पासवान, रमोद सिंह, पंचायत समिति जितेंद्र सिंह "जित्तू" , किसान सेल के प्रदेश महासचिव हरेंद्र कुमार, पंचायत समिति मो० चांद, प्रखंड महासचिव संदीप सरकार, सुरेश सिंह, मो० रिज़वान, स्वतंत्र कुमार, ऊषा देवी, अमरजीत पासवान, सुरेश महतो, मो० मुख्तार, धर्मेंद्र पासवान, रतना देवी, सुजाता कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे । इस अवसर पर 370 लोगों ने राजद की सदस्यता भी ग्रहण की ।

## हम के प्रदेश अध्यक्ष का परसा में भव्य स्वागत



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन सिवान में सम्मिलित होने छपरा के रास्ते सिवान जा रहे हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह का हुआ भव्य स्वागत मंगलवार को जिलाध्यक्ष उज्ज्वल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परसा में किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया । जिसके बाद उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० श्री दरोगा प्रसाद राय के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा की सभी कार्यकर्ता एक जुट रहे एवं गांव गांव जाकर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाये। इस मौके पर परसा प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद कुमार, दरियापुर प्रखण्ड अध्यक्ष विनय कुमार, मकेर प्रखण्ड अध्यक्ष विष्णुकांत शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारतीय सशस्त्र बल और बजाज ऑटो ने डेयर 2 रैली की शुरुआत की

नई सोच एक्सप्रेस

**राजगीर।** दोपहिया और तिपहिया वाहन कंपनी बजाज ऑटो ने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली " डेयर 2 " को हरी झंडी दिखाई। यह बाइक रैली मंगलवार को राजगीर, नालंदा विश्वविद्यालय पहुंची। विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय रैली, 1649 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए, आईएनएस चिल्का, भुवनेश्वर, जमशेदपुर, रांची, राजगीर और वाराणसी से होकर गणतंत्र दिवस पर अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी जिससे भारतीय सेना के डोगराओं के साथ मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए,



बजाज ऑटो लिमिटेड के मार्केटिंग अध्यक्ष सुमीत नारंग ने कहा, हम भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिसका प्रतिनिधित्व अंतिम विध्वंसक - आईएनएस रणविजय द्वारा किया जाता है ताकि डेयर 2 मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया जा सके। सशस्त्र बलों में साहस, लचीलापन और रोमांच की भावना समाहित है - ये गुण बजाज पल्सर एनएस400जेड में पूरी तरह से झलकते हैं। डेयर 2 सहयोग हमें सशस्त्र बलों के साथ काम करने और साहस की भावना को एक पायदान ऊपर ले जाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि हमारा सहयोग देश के युवाओं को सशस्त्र बलों के साथ राष्ट्र की सेवा करने के निस्वार्थ मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। पल्सर एनएस400जेड की गतिशीलता से लैस, भारतीय नौसेना के 15 निडर सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे, जो पल्सर एनएस400जेड के साथ साहस की भावना को रेखांकित करता है। इस रैली को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली सशस्त्र बलों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने का मौका देती है ताकि भारतीय नौसेना के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और युवाओं को सर्वोच्च सम्मान के साथ अपने देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# क्विक कॉमर्स



**तेज तर्रार आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि क्विक कॉमर्स का तेज़ी से विस्तार महत्त्वपूर्ण रोज़गार अवसरों का विशेष रूप से डिलीवरी कर्मियों और माइक्रो-वेयरहाउस कर्मचारियों के लिए, सृजन कर रहा है। क्विक कॉमर्स के विकास से अंशकालिक या रात्रि में कार्य करने के अवसर भी खुलते हैं, जिससे दिन में कार्य करने वाले व्यक्तियों को अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर प्राप्त होता है। बिहार में रोज़गार सृजन में क्विक कॉमर्स का महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।**

नई सोच एक्सप्रेस

**[ क्विक कॉमर्स, जिसे प्रायः क्यू-कॉमर्स के रूप में संदर्भित किया जाता है, ई-कॉमर्स परिदृश्य का एक गतिशील व्यापार मॉडल है जो आमतौर पर 10 से 30 मिनट के भीतर वस्तुओं और सेवाओं की अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी पर केंद्रित है। यह उपभोक्ताओं की तत्काल संतुष्टि की मांग को पूरा करने के लिए किराने का सामान, दवाइयाँ, व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद और यहाँ तक कि पका हुआ भोजन जैसी आवश्यक वस्तुएँ द्रुत गति से उपलब्ध कराता है। क्विक कॉमर्स तत्काल संतुष्टि की मांग को पूरा करके, नवाचार, रोज़गार और बाज़ार विस्तार के अवसर प्रदान करके भारत के खुदरा परिदृश्य में क्रांति ला रहा है। हालाँकि, श्रमिक शोषण, पर्यावरणीय प्रभाव और स्थानीय स्टोर के साथ प्रतिस्पर्द्धा जैसी चुनौतियों को सावधानीपूर्वक विनियमन की आवश्यकता है। श्रम सुरक्षा, पर्यावरण मानकों और उपभोक्ता अधिकारों को मज़बूत करना सतत् विकास के लिए आवश्यक है। एक केंद्रीकृत नियामक निकाय, मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता तथा छोटे शहरों में समान विकास को बढ़ावा देना एक निष्पक्ष और संतुलित क्षेत्र सुनिश्चित कर सकता है। ]** शहरी उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई सुविधाः क्विक कॉमर्स, अति तीव्र डिलीवरी की बढ़ती मांग को पूरा करता है, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, जहाँ व्यस्त जीवनशैली में सुविधा को प्राथमिकता दी जाती है। इंटरनेट की बढ़ती पहुँच और स्मार्टफोन के उपयोग के साथ, शहरी उपभोक्ता किराने का सामान, दवाइयों और व्यक्तिगत सामानों की तत्काल डिलीवरी के लिए ब्लिंकिट, जेप्टो और स्विगी इंस्टामार्ट जैसे प्लेटफॉर्मों पर तेज़ी से निर्भर हो रहे हैं। त्वरित डिलीवरी सेवाओं की मांग में वृद्धि, विशेष रूप से कोविड-19 के बाद, ने इस क्षेत्र को शहरी खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बना दिया है। अनुमान है कि वर्ष 2025 तक भारत का इंटरनेट परिदृश्य की पहुँच 900 मिलियन से अधिक उपयोगकर्त्ताओं तक सुनिश्चित हो जाएगी, जिसमें ग्रामीण भारत इस वृद्धि को बहुत हद तक बढ़ावा देगा, जिससे ई-कॉमर्स सेवाओं की मांग में वृद्धि होगी। भारत की ई-कॉमर्स क्रांति ने अपने अगले चरण में प्रवेश कर लिया है, जिसमें क्विक कॉमर्स एक गेम-चेंजिंग इनोवेशन के रूप में उभर रहा है। जबकि Amazon और Flipkart जैसे स्थापित भागीदार परंपरागत ई-कॉमर्स पर हावी हैं, Zepto, Blinkit और Dunzo जैसे उद्यम त्वरित प्राप्ति खुदरा क्षेत्र में एक अलग बाज़ार बना रहे हैं। हालाँकि, उनकी अकस्मात वृद्धि और तीव्र विस्तार ने उनके व्यवसाय प्रथाओं और बाज़ार प्रभाव के बारे में अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (CAIT) द्वारा उठाई गई चिंताओं के बाद सरकारी अधिकारियों की जाँच को आकर्षित किया है। जैसा कि भारत का समग्र ई-कॉमर्स बाज़ार वर्ष 2026 तक अनुमानित $200 बिलियन की ओर बढ़ रहा है, क्विक कॉमर्स डिजिटल रिटेल के विकास और व्यवधान दोनों का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस बढ़ते हुए क्षेत्र के लगभग $5.5 बिलियन के लिये जिम्मेदार है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी संग कार्मियों ने यातायात नियमों के पालन की खाई शपथ




नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी।** पताही प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सम्राट जीत की अध्यक्षता में प्रखंड व अंचल के सभी कर्मियों ने यातायात नियमों का पालन करने व कराने की शपथ खाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सम्राट जीत ने बगैर हेलमेट के बाइक नहीं चलाने व बिना सीट बेल्ट का चार पहिया वाहन नहीं चलाने की शपथ कर्मियों को दिलवाई साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगो को यातायात नियमों के लिए जागरूक करने हेतु संकल्प दिलवाया। मौके पर बीडीओ सम्राट जीत, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी श्री कुमार, प्रखंड नाज़िर उपेंद्र कुमार सिंह, अंचल नाज़िर मदन कुमार साह,मनोज झा,सानू कुमार सहित सभी प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 2,007 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया

**पटना।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि. (एलटीएफ) का समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024.25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह एक साल पहले की तुलना में 14 फीसदी अधिक है। वहीं, दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी का समेकित पैट 626 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए 15,210 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेल डिसबर्समेंट दर्ज किया है जो पिछले साल की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। तिमाही के दौरान रिटेल बुक का आकार 92,224 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 23 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कुछ मैक्रो चुनौतियों के बावजूद हमने स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। हमें उम्मीद है कि अगली कुछ तिमाहियों में माहौल काफी बेहतर होगा। विश्वस्तरीय क्रेडिट अंडरराइटिंग और मॉनिटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में हमारे निवेश एवं प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी के अनुरूप हमारी नेक्स्ट जेनरेशन के थ्री डायमेंशनल क्रेडिट अंडरराइटिंग इंजन प्रोजेक्ट साइक्लॉप्स को टू-व्हीलर फाइनेंस में 100 फीसदी डीलरशिप तक बढ़ाया गया और फार्म इक्विपमेंट फाइनेंस व्यवसाय के लिए भी इसे चालू किया गया।

### आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के परिणाम जारी किए

**पटना।** आईडीबीआई बैंक ने क्यू3 वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। क्यू3 वित्त वर्ष 2025 के लिए शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत की मजबूत वाईओवाई वृद्धि के साथ 1,908 करोड़ रहा। ऑपरेटिंग प्रॉफिट 2,802 करोड़ रहा। एनआईएम 5.17 प्रतिशत और शुद्ध ब्याज आय 23 प्रतिशत की वाईओवाई वृद्धि करते हुए 4,228 करोड़ दर्ज हुई। क्यू3 - 2025 में जमा की लागत 4.63 प्रतिशत रही, जो क्यू3 - 2024 में 4.34 प्रतिशत थी। सीआरएआर 166 बीपीएस की वाईओवाई वृद्धि के साथ 21.98 प्रतिशत रहा। क्यू3 - 2025 के लिए संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 29 बीपीएस वृद्धि के साथ 1.99 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो क्यू3 - 2024 में 1.70 प्रतिशत था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 20.13 प्रतिशत रहा (56 बीपीएस की वाईओवाई वृद्धि)। शुद्ध एनपीए 0.18 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 0.34 प्रतिशत था। सकल एनपीए 3.57 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 4.69 प्रतिशत था। पीसीआर 99.47 प्रतिशत रहा, जो 31 दिसंबर, 2023 को 99.17 प्रतिशत था।

### पताही प्रखंड के अस्पताल का होगा कायाकल्प



**पताही।** रिपब्लिक भारत के चीफ एडिटर बड़े भाई प्रकाश सिंह जी ने बिहार सरकार के विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग श्री प्रत्यय अमृत जी को एक ज्ञापन सौंप कर पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड के बखरी बाजार स्थित जनता अस्पताल को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तब्दील करने की मांग की.. विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य महोदय ने पताही प्रखंड की जनता की इस मांग को जल्द हीं पूरा करने का भरोसा दिया है साथ हीं अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य से पताही प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को और सुदृढ़ कर रेफरल अस्पताल बनाने की मांग की गई है जिससे इस अस्पताल में बेड की संख्या 50 हो जाएगी और स्पेशलिस्ट डॉक्टर और बढ़िया उपकरण भी उपलब्ध होंगे। बखरी पंचायत स्थित जनता अस्पताल का अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तब्दील होने से पताही प्रखंड के 15 पंचायतों को 24 घंटा स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं मुहैया होगी और साथ ही साथ डॉक्टर,नर्स,कंपाउंडर ,और एम्बुलेंस की सेवा भी उपलब्ध होगी । जनता अस्पताल बखरी से पताही प्रखंड के लोगों की जन भावना जुड़ी हुई है क्योंकि यह अस्पताल पूर्ण रूप से जनता की जमीन पर और जनता के द्वारा चंदा संग्रह करके बनाया गया अपने आप में बिहार का एक अनोखा अस्पताल है जिसमें अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सारे मानक उपलब्ध हैं ।

### पूर्व पार्षद के निधन पर महापौर ने संवेदना प्रकट कर उनकी पत्नी को किया सम्मानित



**कटिहार।** नगर निगम क्षेत्र के अमला टोला स्थित भूतपूर्व वार्ड पार्षद मो० कयूम अंसारी के आवास पर महापौर उषा देवी अग्रवाल, उपमहापौर मंजूर खान, स्थानीय निगम पार्षद नितेश कुमार सिंह उर्फ निक्कू सिंह एवं अन्य नगर निगम के पदाधिकारी के द्वारा नगर निगम की ओर से शोक संवेदना पत्र उनकी पत्नी को दिया। इस मौके पर महापौर उषा देवी अग्रवाल ने बताया कि मोहम्मद अंसारी बहुत ही ईमानदार एवं सच्चे समाजसेवी थे।जो नगर पालिका कटिहार में वर्ष 1982 में पार्षद पर पद पर निर्वाचित हुए थे। उन्होंने अपने वार्ड के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया था। उनकी दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कटिहार नगर निगम परिवार की ओर से गहरी शोक एवं संवेदना प्रकट करती हूं। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार को साहस प्रदान करें। इस मौके पर महापौर उषा देवी अग्रवाल, उप महापौर मंजूर खान, निगम पार्षद नितेश कुमार सिंह के द्वारा शाल एवं कम्बल देखकर उनकी पत्नी को सम्मानित की भी किया गया।

# दशरथ मांझीः प्रेम, संकल्प और समाजसेवा की प्रेरक गाथा-मगही रत्न'' राम रतन सिंह 'रत्नाकर'

नई सोच एक्सप्रेस

» अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-251ः मगध की थाती और लोकगीतों का भव्य आयोजन



**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली स्थित विश्व मगही परिषद् द्वारा अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल-251 का भव्य आयोजन साँझ ६ बजे से देर रात तक किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य विषय "मगध की थाती और लोकगीत" था। यह आयोजन न केवल मगही भाषा, संस्कृति और साहित्य को समर्पित था, बल्कि इसने क्षेत्रीय लोकगीतों और उनकी ऐतिहासिक धरोहर को भी उजागर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मगही मनीषी "मगही रत्न" राम रतन सिंह 'रत्नाकर' जी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि दशरथ मांझी की कहानी केवल एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि यह प्रेम, त्याग और समाज के प्रति अटूट समर्पण की अद्वितीय गाथा है। उनका कार्य हमें यह सिखाता है कि अगर मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी बाधा हमारे रास्ते को रोक नहीं सकती। उनके प्रति हमारा नमन और सम्मान सदैव बना रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालमणि विक्रांत जी ने की। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी सहयोग प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण, अंतरराष्ट्रीय महासचिव, विश्व मगही परिषद् द्वारा किया गया जिनके नेतृत्व में यह आयोजन मगध की गौरवशाली संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का एक सशक्त प्रयास रहा। कार्यक्रम में विद्वानों और साहित्यकारों ने मगध की समृद्ध विरासत और मगही भाषा की अद्वितीयता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मगध क्षेत्र के लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। इन गीतों ने श्रोताओं को मगध की सांस्कृतिक गहराइयों से परिचित कराया। साहित्यकारों और शोधकर्ताओं ने मगही साहित्य की प्राचीनता और आधुनिकता के बीच की कड़ी को रेखांकित करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने अपने संबोधन में कहा कि "मगध की थाती और लोकगीत हमारे समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास का प्रतीक हैं। विश्व मगही परिषद् का यह प्रयास मगही भाषा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का है। हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहकर इसे वैश्विक मंच पर पहचान दिलानी है।" उन्होंने कहा कि विश्व मगही परिषद् मगही भाषा, साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस आयोजन के माध्यम से परिषद् ने मगही भाषा और इसके लोकगीतों को संरक्षण और प्रचार-प्रसार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से जुड़े मगही भाषी विद्वानों, साहित्यकारों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। यह आयोजन मगध की संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का एक अद्वितीय अवसर बना। भाग लेने वालों में ललित कुमार शर्मा , नीता सिंह पुतुल , समाजसेवी श्रीमती रंजना कुमारी , इंजीनियर साहब कुमार यादव , प्रेम प्रणव ,गीतकार राजकुमार, लखीसराय से डॉ. राजेंद्र राज ,नालंदा से श्री जयराम देवसपुरी गीतकार ( डा ) शिवेंद्र नारायण सिंह,मगही रत्न जयप्रकाश सिंह ,प्रमोद कुमार सजल ,शेखपुरा से जयनंदन सिंह ,चुनचुन पांडेय , सविता कुमारी ,ममता कुमारी ,वंदना कुमारी ,गीता कुमारी,निवेदिता सिंह ,पूनम कुमारी ,बोकारो से जय प्रकाश ,पटना से पूजा ऋतुराज ,सुमित शर्मा पीयूष सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने पेश किए एमजी साइबरस्टर और एमजी एम9

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दो नए मॉडलों के लांच के साथ 'ऐक्सैसिबल लक्ज़री' के नए युग में कदम रखा है। ये नए मॉडल हैं- भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर और भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन एमजी एम9, इन्हें इस साल लॉन्च किया जाना है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत किए गए नए लक्जरी ब्रांड चैनल एमजी सिलेक्ट के तहत डेब्यू करते हुए ये नए मॉडल भारत में मोबिलिटी के एक नए युग की शुरुआत करने के कंपनी के विज़न को दर्शाते हैं - जो इंटेलीजेंट, सस्टेनेबल और ग्राहक-केंद्रित है। एमजी साइबरस्टर और एम9 के लिए प्री-रिजर्वेशन आज से शुरू हो रहे हैं । इन दो नए मॉडलों के साथ, ब्रांड के पास जल्द ही विभिन्न सैगमेंट्स में पांच अलग-अलग मॉडलों के साथ सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर भी शामिल रहेगी जो अपने लॉन्च के बाद से सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार है, इसके अलावा शामिल होंगे- एमजी कॉमेट और एमजी ज़ैडएस। भारत की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर एमजी साइबरस्टर बैस्ट-इन-क्लास टेक्नोलॉजी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ क्लासिक एमजी बी रोडस्टर को नए रूप में लेकर आई है, जिसमें क्लासिक लालित्य और शानदार परफॉरमेंस का मिश्रण है। स्पोर्ट्सकार ड्राइवरों की नई पीढ़ी के लिए डिज़ाइन की गई एक बिल्कुल नई रोडस्टर, एमजी साइबरस्टर ब्रांड के लिए एक नए साहसिक व सम्मोहक अध्याय की शुरुआत कर रही है। एमजी एम9 भारत की पहली इलेक्ट्रिक थ्री-रो प्रेसिडेंशियल लिमोज़ीन है, इसका कॉन्सेप्ट बेहतरीन आराम और लक्ज़री ऑन व्हील्स प्रदान करने का है। आलीशान इंटीरियर, बेहतरीन शिल्प और लंबी रेंज के साथ एक लग्जरी इलेक्ट्रिक कार को नए तरीके से परिभाषित करते हुए एमजी एम9 का करिश्मा भारत में लग्जरी खरीदारों को आकर्षित करेगा। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दो नए मॉडल का अनावरण करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक, पार्थ जिंदल ने कहा, ''जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया विरासत और आधुनिकता को एकजुट करने वाले दो शानदार विशुद्ध इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण करके देश में ऐक्सैसिबल लक्ज़री के कॉन्सेप्ट को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। विंडसर ईवी इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में वो नयापन ले कर आई है जिसकी बहुत समय से प्रतीक्षा थी।

## पॉन्ड्स स्किन इंस्टीट्यूट ने पॉन्ड्स यूथफुल मिराकल रेंज के लॉन्च के साथ स्किनकेयर को किया रीडिफाइन

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** भारत में भरोसेमंद स्किनकेयर के लिए विख्यात पॉन्ड्स ने अपनी आधुनिक स्किनकेयर रेंज – पॉन्ड्स यूथफुल मिराकल का लॉन्च किया है। पॉन्ड्स स्किन इंस्टीट्यूट में दशकों के रीसर्च और विशेषज्ञता के साथ तैयार की गई यह रेंज स्किन रिन्युअल और केयर में नया बदलाव लेकर आएगी तथा विज्ञान द्वारा प्रमाणित सौंदर्य समाधानों में नए गोल्ड स्टैण्डर्ड स्थापित करेगी। रीलॉन्च पर बात करते हुए प्रतीक वेद, वाईस प्रेज़ीडेन्ट स्किन केयर इंडिया, एचयूएल ने कहा, '' स्किनकेयर में लीडर पॉन्ड्स, हमेशा भारतीय महिलाओं की बदलती ज़रूरतों के अनुसार अपने आप में बदलाव लाता रहा है। नई पॉन्ड्स यूथफुल मिराकल रेंज में हम पावरफुल इन्ग्रीडिएन्ट हेक्सिल-रेटिनॉल के फायदे लेकर आए हैं जो महिलाओं की स्किन की बेहतरीन देखभाल करता है। यह रीलॉन्च न सिर्फ पॉटेन्ट हाइब्रिड इन्ग्रीडिएन्ट के फायदे लेकर आया है बल्कि स्किन को जवां और खूबसूरत बनाने में भी कारगर है।' इस आधुनिक रेंज को पेटेंटेड हेक्सिल-रेटिनॉल टेक्नोलॉजी से तैयार किया गया है, जो 20 सालों के गहन अनुसंधान का परिणाम है। यह पावरफुल इन्ग्रीडिएन्ट सैल्युलर लैवल पर स्किन में बदलाव लाता है, फाईन लाईन्स और रिंकल्स को दूर का स्किन को जवां और चमकदार बनाता है। हेक्सिल-रेटिनॉल 10 प्रकार के कोलेजन के उत्पादन में मदद करता है, जो स्किन की इलास्टिसिटी ओर फर्मनैस बढ़ाकर इसे यूथफुल बनाता है। आधुनिक डर्मेटोलोजिकल साइंस पर आधारित यह इन्ग्रीडिएन्ट स्किन को पर्यावरण से होने वाले नुकसान से बचाता है। इस आधुनिक रेंज को पेटेंटेड हेक्सिल-रेटिनॉल टेक्नोलॉजी से तैयार किया गया है, जो 20 सालों के गहन नुसंधान का परिणाम है। यह पावरफुल इन्ग्रीडिएन्ट सैल्युलर लैवल पर स्किन में बदलाव लाता है, फाईन लाईन्स और रिंकल्स को दूर का स्किन को जवां और चमकदार बनाता है। हेक्सिल-रेटिनॉल 10 प्रकार के कोलेजन के उत्पादन में मदद करता है, जो स्किन की इलास्टिसिटी ओर फर्मनैस बढ़ाकर इसे यूथफुल बनाता है। आधुनिक डर्मेटोलोजिकल साइंस पर आधारित यह इन्ग्रीडिएन्ट स्किन को पर्यावरण से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह लॉन्च एक प्रोडक्ट को नए तरीके से पेश करने से कहीं बढ़कर हैः यह विज्ञान पर आधारित इनोवेशन के लिए पॉन्ड्स की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कटिंग-ऐज और उपभोक्ताओं के अनुकूल फॉर्मूले के साथ यूथफुल मिराकल रेंज महिलाओं को स्किन की पूर्ण देखभाल में सक्षम बनाती है। इस रेंज के हर प्रोडक्ट की स्लीक और आधुनिक पैकेजिंग इसके दक्षता का प्रमाण है, जो स्किनकेयर के नए दौर को नए तरीके से परिभाषित करेगा। पॉन्ड्स यूथफुल मिराकल रेंज देश भर में अग्रणी रीटेल आउटलेट्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले - अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक

नई सोच एक्सप्रेस



**गोड्डा।** दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज़ का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

**इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन**–गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12:30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा "अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक ! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।" उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आऱती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है।

**फैक्ट फाइल–**

मंगलवार को सुबह गौतम अदाणी पहुंचे प्रयागराज

दोपहर 12.30 की इस्कॉन में ग्रहण किया प्रासा और की प्रसाद सेवा दोपहर बाद 1.20 वह संगम घाट पहुंचे, जहां से नाव उन्हें लेकर संगम स्थल तक गई तकरीबन 2 बजे वह बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की उसके उपरांत तकरीबन 2.30 पर गीता प्रेस के स्टॉल पर पहुंचे जहां पर गीता प्रेस के आऱती संग्रह का वितरण किया। उसके बाद उन्होंने श्री शंकराचार्य मंदिर विमान मंडप के दर्शन करने के उपरांत अहमदाबाद चले गए।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को पेश किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। ड्राइव. फ्यूचर सोच को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन और आंतरिक दहन इंजन मॉडलों सहित विविध पावरट्रेन विकल्पों का प्रदर्शन किया। इसमें अत्याधुनिक बैटरी प्रबंधन प्रणाली वाले इनोवेटिव मॉडल, आईएम5 और आईएम6, प्रीमियम प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन एमजी एचएस, भव्य एसयुवी मॉडल एम, कॉमेट ब्लैकस्ट्रोम और लग्जरी एमजी7 ट्रॉफी एडिशन शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, "हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में सीएएसइ तकनीकों में अपनी अग्रणी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। यह मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ड्राइव.फ्यूचर की हमारी दृष्टि उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर मोबिलिटी को स्थायी, जुड़े हुए और ग्राहक-केंद्रित अनुभव में बदलने में निहित है। हम प्रौद्योगिकी जोन और विविध पावरट्रेन शोकेस के माध्यम से व्यावहारिक और स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। यह न केवल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बना रहे हैं ,बल्कि एक हरित, स्मार्ट और अधिक जुड़े भविष्य के साथ ड्राइविंग अनुभव को भी बढ़ा रहे हैं।"

# संपतचक में लग्जरी वाहन में रखा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, तीन शातिर धंधे बाज पकड़े गए

नई सोच एक्सप्रेस



**फुलवारी शरीफ।** पटना के संपतचक के कनौज़ी गाँव इलाके में लग्जरी वाहन में भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब भरे हुए पड़े मिले जिसे गुप्त सूचना मिलने पर मध्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने पकड़ लिया. पुलिस ने शराब और वाहनों को जप्त करते हुए तीन शातिर धंधे वालों को भी पकड़ लिया है. जिनमे मनीष कुमार खेमनीचक, आदित्य पासवान जगनपुरा, अशोक कुमार बेईमान टोला कनौजी शामिल हैं यह लोग शराब के तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुके हैं. उत्पाद मोहम्मद निषेध विभाग के अधिकारी के मुताबिक सम्पत चक के गोपालपुर थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई.कनौजी गाँव (स्टेडियम रोड के पास) अजीत कुमार निरीक्षक मध निषेध के नेतृत्व में छापेमारी की गई. छापेमारी में कुल 1146 पीस टेट्रा पैक 12 बोतल रम कुल 1153 पीस (213.000 लीटर )विदेशी शराब की मात्रा पकड़ा गया.जप्त वाहन हौंडा सिटी रजिस्ट्रेशन BROI BV-2255 हैं. शराब का अनुमानित मूल्य लगभग २ लाख रूपये है।

# नाव हादसे के दो दिन बाद भी नहीं हो सका सात लापता की खोज चिंता का विषय

नई सोच एक्सप्रेस

» मनिहारी और अमदाबाद में स्थाई रूप से हो एनडीआरएफ टीम की व्यवस्था - सुनील कुमार यादव



**कटिहार।** जिले के अमदाबाद के गोलाघाट में बीते 19 जनवरी को गंगा में हुए नाव हादसे के बाद अभी भी सात लोग लापता हैं जिसको लेकर एसडीआरएफ की टीम खोजबीन कर रही हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के कटिहार जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया जबकि मौजूद एसडीआरफ के पदाधिकारी से भी मिलकर जल्द से जल्द लापता सात लोगों को ढूंढने पर चर्चा किया। इसके पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने इस नाव हादसा में मृतक के परिजनों से मिलकर आर्थिक मदद किया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने इस घटना को लेकर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना में मृतक के परिजनों के साथ हम और हमारी पूरी पार्टी साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों के साथ-साथ इस नाव हादसे के शिकार जिनका इलाज चल रहा है उन्हें भी मदद की जरूरत है इसलिए जिला प्रशासन और बिहार सरकार से हम मांग करते हैं कि इस हादसे के शिकार जिनका इलाज चल रहा है। उन्हें भी सहयोग किया जाए। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि हम सरकार और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि मनिहारी और अमदाबाद में स्थाई रूप से एनडीआरएफ टीम को तैनात किया जाए जिससे इस तरह की घटना होते ही लोगों को बचाया जा सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने मांग किया कि इस घटना में कई लोगों के जान बचाने वाले होनहार युवक गब्बर को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाए। मौके पर सउद आलम, अब्दुल मन्नान,मिलन यादव, मोहम्मद साजिद,नलीन सिन्हा, दशरथ सिंह,मनमोहन यादव, राहुल यादव, युधिष्ठिर मंडल सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है। हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं। स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहर्षक घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षों से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया। यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है। बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश के निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।

## स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली 'ब्लू वाटर नेवीo बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए है, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी भी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएसई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए 'गहरे समुद्रीo वातावरण में कार्य करने में सक्षम है। नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी 'एकीकृत निर्माणo दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोप्लशन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक मजबूत हथियार प्रणालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है। स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। 'सूरतo जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हुई हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षों में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, इस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वंसक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत 'सूरतo में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जलयान रोधी मिसाइलें तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है। यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है। वाग्शीर कलवरी क्लास प्रोजेक्ट-75 के अंतर्गत छठी स्कार्पीन क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत एवं बहुमुखी डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी



आरती कुमारी

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़



बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

# देश भर में निजीकरण की जो आँधी में क्या बह जाएगा पोस्ट ऑफिस भी !

अशोक भाटिया, मुंबई

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पेश बजट में केंद्रीय सार्वजनिक कंपनियों (सीपीएसयू) के विनिवेश और उनके निजीकरण को लेकर रोडमैप पेश किया गया था, जिसके तहत रणनीतिक सेक्टर को छोड़ अन्य सभी सेक्टर के पीएसयू के निजीकरण की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्रालय ने तब आइडीबीआई बैंक के अलावा दो अन्य सरकारी बैंक और एक सरकारी बीमा कंपनी के निजीकरण का प्रस्ताव रखा था। इनमें बीपीसीएल (BPCL) के अलावा बीईएमएल (BEML), शिपिंग कॉर्प (Shipping Corp), पवन हंस (Pawan Hans), सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक (Central Electronic) और नीलांचल इस्पात (Neelanchal Ispat) शामिल हैं। बीपीसीएल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। अब देखा जाय तो धीरे – धीरे सरकारी निजीकरण की जो आँधी में बहने के लिए तैयार है भारतीय डाक तार विभाग का पोस्ट ऑफिस भी ! वैसे अभी जो हालात बताते है कि इसकी शुरुवात हो चुकी है । आज देखा जाय तो चाहे बड़े शहर हों, छोटे शहर हों, गांव हों या गांव। हर जगह का पोस्ट ऑफिस आम आदमी के लिए स्नेह का स्थान बन जाता है। क्यों? इसलिए यह विभाग जनता को कई अंतरंग सेवाएं प्रदान करता है। आम जनता के बीच डाक विभाग के साथ अंतरंगता विकसित करने का पहला कारण विश्वसनीयता है, चाहे वह पत्र हो या पैसा; वे किसी भी क्षेत्र, यहां तक कि दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच जाएंगे। दूसरा कारण है कुछ सेवाओं की मामूली या बहुत सस्ती दरें। इसके थोड़ा भावुक होने का तीसरा कारण है पोस्ट ऑफिस की सरलता। पोस्ट ऑफिस को ध्यान में लाइए। कर्मचारियों की समग्र बुनियादी संरचना सादगी में देखी जाएगी। आम आदमी के मानसिक, भावनात्मक और व्यावहारिक जीवन के साथ पोस्ट ऑफिस के रिश्ते का एक सांस्कृतिक पहलू रहा : 'बुक पोस्ट'! सरकार द्वारा 18 दिसंबर, 2024 को डाकघर अधिनियम, 2023 के तहत दशकों पुरानी सेवा बंद कर दी गई थी, जिसने निमंत्रण, शादी के कार्ड, ग्रीटिंग कार्ड, पैम्फलेट, बुकलेट और सबसे महत्वपूर्ण, सभी प्रकार की पुस्तकों को रियायती दर पर भेजने की अनुमति दी थी। मुद्रित पाठ के साथ कोई लिखित पाठ नहीं होना चाहिए, और मुद्रित आइटम को एक लिफाफे में बंद नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन खुला होना चाहिए। किताबें समाज की उन्नति में बड़ी भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के परिणाम तत्काल नहीं होते हैं। लेकिन किताबें एक परिपक्व समाज के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किताब पढ़ने के लाभ व्यापक, दूरगामी हैं। विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर पुस्तकें सूचना, विचारों के ज्ञान और मनोरंजन के माध्यम से समाज को प्रबुद्ध करती हैं। हालांकि, कुछ लोग आश्चर्यचकित हो सकते हैं कि पुस्तकों का महत्व सर्वविदित है। बुक पोस्ट सेवा बंद होने से किताबों के प्रसार पर क्या बड़ा फर्क पड़ेगा? ये सच है कि कूरियर सेवा ने बहुत सारे पैर फैलाए हैं। बहुत से लोग इस सेवा का उपयोग करते हैं। फिर भी पद के महत्व का एक कारण वित्तीय है और दूसरा देश के हर कोने में फैले डाक खातों का नेटवर्क है। पत्र, पैसा, किताबें देश के किसी भी कोने से आ और पहुंच सकती हैं। डाक विभाग दूरस्थ क्षेत्रों के रूप में सेवाएं प्रदान करने से इनकार नहीं कर सकता है। कूरियर सेवा दूरस्थ क्षेत्रों की सेवा के लिए बाध्य नहीं है। दूसरा प्रश्न यह है कि जब पुस्तकें भेजने के लिए डाक की पार्सल सेवा है तो पुस्तक डाक सेवा बंद करने से पुस्तक प्रसार पर क्या विपत्ति आएगी? - वास्तविक प्रश्न लागत का है। 250 ग्राम की एक पुस्तक की कीमत 250 ग्राम की पुस्तक के लिए बीस रुपये और 1 किग्रा वजन की पुस्तक के लिए 40 रुपये होती थी। तो यह एक किलो के लिए 92 रुपये होगा, जो अंतर के दोगुने के करीब है और हमारे पास एक पाठक वर्ग है जो इस बढ़ी हुई लागत के कारण किताबों से दूर जाना अपरिहार्य बना देगा। पुस्तक डाक सेवा दशकों पहले शैक्षिक, सूचनात्मक, वैचारिक और दिलचस्प पुस्तकों के लिए समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचना आसान बनाने के व्यापक उद्देश्य के साथ शुरू की गई थी। बुकपोस्ट सेवा बंद होने से पुस्तकों के बारे में हतोत्साहित हो सकता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। गौरतलब है कि आज देश भर में निजीकरण की जो आँधी चल रही है, जिसमें सभी सरकारी सेवाओं का बहुत तेजी से निजीकरण हो रहा है। भारतीय डाक विभाग में भी यह प्रक्रिया काफ़ी पहले से ही शुरू हो गई थी, लेकिन लगता है कि सरकार ने अब इसे पूरी तरह से प्राइवेट कोरियर कंपनियों को सौंपने का अपना मन बना लिया है। हाल ही में डाक विभाग ने सस्ती रजिस्टर्ड बुक पोस्ट सेवा समाप्त कर दी है तथा इसे एक नया नाम दिया गया है, जिसकी दरें पार्सल से तो कम होंगी, लेकिन अब तक जारी बुक पोस्ट के मुक़ाबले क़रीब ढाई से तीन गुना ज़्यादा होगी। अभी पिछले साल ही नवम्बर में सभी डाक सेवाओं पर 18% जीएसटी लगा दिया गया था, जिससे डाक से पुस्तकें भेजना पहले ही से काफ़ी महंगा हो गया था। कहने की ज़रूरत नहीं है कि अब छोटे प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं, लेखकों और सम्पादकों के लिए किताबें डाक से भेजना बहुत मुश्किल हो गया है । इसका सबसे ज़्यादा प्रभाव छोटे और गैर-व्यवसायिक प्रकाशकों और पत्र-पत्रिकाओं पर पड़ रहा है, जो पहले ही से कागज़ और छपाई की अत्यधिक मूल्यवृद्धि के कारण बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं। वैसे यह होना बहुत आश्चर्यजनक नहीं है , क्योंकि देश भर में जो निजीकरण की आँधी चल रही है, उसमें रेलवे तथा बैंकिंग सेक्टर की तरह लम्बे समय से भारतीय डाक विभाग का भी निजीकरण करके उसे पूर्णतः प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का उपक्रम लगातार जारी है। एक तरफ़ कीमतें बढ़ाई जा रही हैं, दूसरी तरफ़ पिछले कुछ सालों से डाक सेवाओं को पूरी तरह से तबाह किया गया है। नयी नियुक्तियाँ बिलकुल बंद हैं। अधिकाधिक काम ठेकों पर कराए जा रहे हैं, इसलिए कर्मचारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय डाक सेवा की स्थापना के क़रीब 170 साल बीत गए। 1 अक्टूबर 1854 को तत्कालीन भारतीय वायसराय लार्ड डलहौजी ने इस सेवा को केन्द्रीकरण किया था, उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी के अंतर्गत आने वाले 701 डाकघरों को मिलाकर भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई थी। वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में प्रथम डाकघर वर्ष 1774 में स्थापित किया था। अंग्रेजी राज में ही पूरे देश में डाक सेवा का जाल बिछाया गया। सूदूर ग्रामीण, पर्वतीय और रेगिस्तानी इलाक़ों तक में डाकघरों की स्थापना की गई। आज़ादी के बाद डाक और टेलीग्राम सेवा का काफ़ी विस्तार हुआ। लद्दाख में देश के अंतिम गाँव तक ; जहाँ आबादी बहुत कम है, वहाँ भी डाक-तार विभाग की स्थापना की गई। दुर्गम पर्वतीय इलाक़ों में जहाँ की आबादी बहुत कम है, वहाँ भी पत्र पहुँचाने पोस्टमैन जाते थे। गाँव में तो पोस्टमैन से एक आत्मीय रिश्ता तक बन जाता था, क्योंकि जब साक्षरता कम थी, तब पोस्टमैन ही चिट्ठी लिखते भी थे और पढ़कर सुनाते भी थे। सुख-दुःख की ख़बर पहुँचाने के लिए टेलीग्राम की बहुत उपयोगिता थी, हालाँकि 14 जनवरी 2013 को टेलीग्राम सर्विस बंद कर दी गई। इसके लिए यह तर्क दिया गया कि मोबाइल और ई-मेल आ जाने के बाद इसकी उपयोगिता अब समाप्त हो गई है, हालाँकि बहुत से विकसित देशों तक में यह सेवा अभी भी चल रही है। पहले बहुत ज़रूरी कागज़ात रजिस्टर डाक से भेजे जाते थे। मैं खुद वसई से दिल्ली के अख़बारों में छपने के लिए लेख साधारण लिफाफे में रखकर भेज देता था। वह दो-तीन दिन में पहुँच जाता था,शायद ही कोई पत्र गायब हुआ हो। दिल्ली में एक लेखक और सम्पादक बता रहे थे कि दिल्ली में एक दिन में दो बार पत्र बाँटे जाते थे। रक्षाबंधन और नववर्ष के अवसर पर राखियाँ तथा शुभकामना संदेश पहुँचाने के लिए अस्थायी पोस्टमैन तक रखे जाते थे। आज हालात ये हैं कि रजिस्टर्ड डाक दिल्ली तक में दो-तीन दिन में मिलती है। जब स्पीड पोस्ट की शुरूआत हुई,तब यह कहा गया कि देश के किसी भी कोने में पत्र 24 घंटे में पहुँच जाएगा। उस समय रात में भी स्पीड पोस्ट पहुँचाने के लिए घरों तक डाक विभाग की गाड़ी आती थी। अब रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट में कोई अन्तर नहीं रह गया है। अब चौबीस घंटे तक छोड़िए, दो-तीन दिन तक एक ही शहर में स्पीड पोस्ट पहुँच जाए, तो बहुत बड़ी बात है। अकसर ऐसा होता है कि रजिस्टर पैकेट पोस्ट ऑफिस में पड़े रहते हैं, पोस्ट ऑफिस से पता लगता है कि इसको वितरित करने वाला पोस्टमैन नहीं है, आप चाहें तो आकर अपने पैकेट ले जाएँ। मैं तो अकसर अपने पैकेट लेने के लिए पोस्ट ऑफिस जाता हूँ। टेक्नोलॉजी का विकास होने के साथ-साथ निश्चित रूप से लोग पत्र कम लिख रहे हैं, फिर भी डाकघर का महत्त्व अभी भी कम नहीं हुआ है। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर की ढेरों डाक सामग्री डाकघरों से जाती हैं, लेकिन सरकार ने योजना के तहत अब डाक विभाग की स्थिति ऐसी कर दी है कि अब तो सरकारी विभाग भी डाकघरों से मुख मोड़ रहे हैं और अपनी सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से भेज रहे हैं। आजकल अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बैंक चेकबुक-एटीएम आदि सामग्री प्राइवेट कोरियर सर्विस से ही भेज रहे हैं। धीरे-धीरे ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि डाक सेवाओं का पूरी तरह से निजीकरण कर दिया जाए। अब सरकार का सारा ध्यान डाकघर के बैंकिंग सेक्टर पर है, इससे सम्बन्धित ढेरों योजनाएँ आ रही हैं तथा बचे-खुचे कर्मचारी उसी के कामों में लगे रहते हैं। बैंकों की तरह डाकघर में भी नियुक्तियाँ बंद हैं तथा ठेके पर ही कर्मचारी रखे जा रहे हैं। डाक सेवाओं का निजीकरण बड़ी कोरियर कंपनियों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए किया जा रहा है। जो लिफाफा देश के किसी भी भाग में पाँच या दस रुपए में पहुँच जाता था, अब उसे कोई भी कोरियर सौ रुपए से कम में नहीं पहुँचाता है। डाक सेवाओं के निजीकरण से सबसे ज़्यादा नुकसान देश के ग्रामीण इलाक़ों का हुआ है। वहाँ सस्ते में पत्र और किताबें पहुँचाना अब असम्भव हो गया है, क्योंकि अधिकांश बड़ी कोरियर कंपनियों की पहुँच गाँव तक नहीं है। वास्तव में उदारीकरण और निजीकरण की नीतियों से समाज के छोटे-मझोले और ग़रीब तबकों की ही तबाही और बरबादी हो रही है। डाक सेवाओं के निजीकरण से इन्हीं तबकों के छोटे व्यापारियों, प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं का भविष्य ख़तरे में पड़ गया है।




**मेष राशि–** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी, और नजदीकी लोगों का भी सहयोग मिलेगा। अपने गुस्से व इगो पर काबू रखेंगे और शांतिपूर्ण रवैया अपनाने से आपके स्वभाव से सुधार आएगा।

**वृष राशि–** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में रुकावट आ सकती हैं।

**मिथुन राशि–** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करेंगे तो जल्द ही आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस के कार्यों पर पूरी नजर रखेंगे।

**सिंह राशि–** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों और गतिविधियों से खुद को दूर रखें।

**कन्या राशि–** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है।

**तुला राशि–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें। आज भविष्य संबंधी बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अनुकूल समय है। ये योजनाएं आपके लिए बेहद तरक्की दायक रहेंगी।

**वृश्चिक राशि–** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा।

**धनु राशि–** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम रहेंगे। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे।

**मकर राशि–** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चों को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है।

**कुंभ राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। ईश्वर आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी करेंगे संतान की ओर से मन संतोष रहेगा। अचानक धन लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन राशि–** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहेंगे। आपकी पदोन्नति हो सकती है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपका व्यापार अच्छी उन्नति करेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सूर्यकुमार को शामिल किया जाना चाहिये था : रैना



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार यादव जैसे आक्रामक क्रिकेटर को टीम में शामिल किया जाना चाहिये था। रैना ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार इस टूर्नामेंट में एक्स-फैक्टर साबित हो सकते थे , इसलिए टीम को उनकी कमी महसूस होगी। रैना ने कहा, सूर्या विश्व कप टीम का अभिन्न हिस्सा थे, वह 360 डिग्री के खिलाड़ी हैं जो खेल के किसी भी चरण में 9 रन प्रति ओवर की दर से रन बना सकते हैं। वह अपनी बल्लेबाजी से विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में सक्षम हैं। ऐसे में उनका होना खेल में अंतर पैदा कर सकता है। अब उनके नहीं होने से शीर्ष 3 पर रनों की जिम्मेदारी रहेगी। सूर्या ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी स्थिति और क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। रैना ने यह भी कहा कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी फिटनेस को लेकर जो संशय छाया हुआ है। उन हालातों में तेज गेंदबाज मोम्मद सिराज को टीम में रखा जाना चाहिये था। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में सिराज अलग फॉर्म में थे पर 12 फरवरी तक टीम में बदलाव किया जा सकता है। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर बुमराह पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो सिराज को अब भी टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे में युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास अच्छी गति, अच्छी बम्पर, वैरिएशन, यॉर्कर और पेस है। वह और बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह दोनों डेथ ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि अगर बुमराह नहीं होते हैं तो सिराज को रखा जाना चाहिये। रैना ने शुभमन गिल को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उप-कप्तानी देने के कदम को सही बताया। उन्होंने कहा, शुभमन को सही समय पर उप-कप्तानी मिली है। वह भारतीय क्रिकेट के अगले सुपरस्टार हैं और उन्होंने एकदिवसीय में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित जानते हैं कि किसी युवा खिलाड़ी को कैसे प्रशिक्षित करना है और शुभमन इसके लिए सही उम्मीदार हैं। दुबई की पिचें धीमी होती हैं और टर्न लेती हैं, इसलिए रैना ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या गेंदबाजी विभाग में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारतीय टीम ने दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। ऐसे में रैना के अनुसार रोहित और उनके साथी इस बार भी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, रोहित में क्षमता है, उनके पास टीम है लेकिन जो महत्वपूर्ण होगा वह 15 में से 11 खिलाड़ियों का संयोजन है। विकेट थोड़े धीमे होंगे, लेकिन हमारे पास क्षमता है।

## किसी भी क्रम पर खेलने तैयार रहें बल्लेबाज : अक्षर



**कोलकाता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान बने अक्षर पटेल ने कहा है कि टी20 लाइन-अप में केवल सलामी बल्लेबाजों की जगह ही तय रहती है। वहीं बाकि बल्लेबाजों को किसी भी क्रम में खेलने के लिए तैयारी रहना चाहिये। भारतीय टीम बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपना पहला मुकाबला खेलने उतरेगी। इसी को लेकर बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर अक्षर ने कहा , .यह केवल मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक तय ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था। वहीं नंबर 3 से नंबर 7 तक के खिलाड़ियों को स्थिति, संयोजन और जरुरत के आधार पर उतरने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, कोई तय स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज स्थायी रुप से खेलेगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, इस बात का आंकलन हम अभ्यास सत्रों के दौरान करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने को लेकर के है। अक्षर ने कहा कि कप्तानी से कुछ नहीं बदला है। केवल अब मैं कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ चर्चा में शामिल हो गा हूं। हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है पर किसी प्रकार का, ज्यादा दबाव नहीं है। साथ ही कहा कि जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह टीम का पहला मैच है और अक्षर ने कहा कि टीम पिछली बातों को भूलकर पूरी ताकत से उतरेगी। उन्होंने कहा, हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में जिसमें हमें सकारात्म रुख रखते हुए बेहतर करना है। अक्षर ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक बात है। साथ ही कहा कि जब भी कोई सीनियर खिलाड़ी वापसी करता है तो इससे टीम को बहुत बढ़ावा मिलता है।

## स्टेडियम में 10.50 करोड़ रुपये से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक




**महोबा।** खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रेक के निर्माण का खाका तैयार किया गया ।शासन स्तर से सिंथेटिक ट्रैक के लिए 10.50 करोड रुपये का बजट का प्रस्ताव पास किया गया है। जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को आने वाले दिनों में ट्रैक का लाभ मिल सकेगा और सरकार की इस मुहिम से वीरभूमि के युवा खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर जनपद का नाम रोशन कर सकेंगे। जिला उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 लाइन के 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। जिसके लिए 10.50 करोड रुपये के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है। बताया कि सभी प्रकार के मौसम में सिंथेटिक ट्रैक खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होता है। इस ट्रैक पर खिलाड़ियों को चोट आने का खतरा कम रहता है। खेल मंत्री के द्वारा जनपद वासियों को सिंथेटिक ट्रैक के रूप में एक बड़ी सौगात दी गई है। उपक्रीड़ाअधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में स्टेडियम के मैदान लगी घास को सूखने से बचाने के लिए नगर पालिका के द्वारा स्टेडियम में एक हैवी बोर कराया गया है । जिससे अब गर्मी के मौसम में घास को सूखने से बचाया जा सकेगा और पूरे वर्ष भर स्टेडियम का मैदान हरा भरा रहेगा।

## खेल से बड़ा कोई नहीं , विराट रोहित सहित सभी घरेलू क्रिकेट खेलें : योगराज



**चंडीगढ़।** पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा है कि खेल से बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं होता। इसलिए विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित सभी सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई ) ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया था। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए 10 नियम भी बना दिया हैं। इन्हीं को लेकर योगराज ने कहा कि कोई भी खेल से बड़ा नहीं है। उन्होंने महान खिलाड़ियों सर विवियन रिचड्र्स और सर डॉन ब्रैडमैन का उदाहरण भी दिया और कहा कि वे भी घरेलू क्रिकेट खेलते थे। उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों से राष्ट्रीय टीम में न होने पर घरेलू क्रिकेट में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, आप कभी भी खेल से बड़े नहीं हो सकते। न तो विव रिचड्र्स और न ही डॉन ब्रैडमैन, वे कभी भी क्रिकेट से बड़े नहीं थे और न ही कोई बन सकता है। इसलिए आप जो करते हैं वह यह है कि आप दौरे से वापस आते हैं, आपको घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू करना चाहिए। जब टेस्ट खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, तो उनके साथ खेलने वाले बाकी युवाओं को काफी आत्मविश्वास मिलता है। इसके साथ ही योगराज ने अपने बेटे युवराज सिंह का उदाहरण दिया और बताया कि टीम से बाहर होने पर वह भी घरेलू क्रिकेट खेलता था। उन्होंने कहा, जब भी युवराज भारतीय टीम में नहीं होता था तो वह रणजी ट्रॉफी खेलने जाता था।

## स्मिथ फिट नहीं होते तो श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए हेड को टेस्ट कप्तान बनायें : वॉर्नर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि अगर श्रीलंका दौर के लिए कप्तान बनाये गये स्टीव स्मिथ समय पर फिट नहीं होते हैं तो ट्रेविस हेड को ये जिम्मेदारी दी जा सकती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने नियमित कप्तान पैट कमिंस के उपलब्ध नहीं होने के काण स्मिथ को इस सीरीज के लिए कप्तान बनाया था पर वह घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोटिल हो गये है। मैच में फील्डिंग के दौरान स्मिथ की दाहिने कोहनी में चोट लगी है। इसी काण वह अभी इलाज करा रहे हैं और दुबई में आईसीसी अकादमी में ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में भी शामिल नहीं हुए हैं। वॉर्नर के अनुसार अगर स्मिथ 29 जनवरी से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो इस दौरे के लिए उप-कप्तान बनाए गए हेड को कमान दे देनी चाहिये। वॉर्नर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा बोलेंगे। जब उन्हें सही लगेगा, तब बदलाव करेंगे। वह लंबे समय से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर रहे हैं और उनके पास एक अच्छा क्रिकेटिंग दिमाग है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्मिथ पूरे दौरे से बाहर हो जाते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए करार झटका होगा। अगर वह श्रीलंका दौरे से बाहर होते हैं, तो यह नुकसानदायक होगा हालांकि मुझे लगता है कि वह समय से फिट हो जाएंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 29 जनवरी से गाले में शुरू होगी। इसका दूसरा मैच 6 फरवरी को वहीं खेला जाएगा। इसके बाद 12 और 14 फरवरी को कोलंबो में दो एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। ऐसे में इस सीरीज के परिणाम से उसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

### सेंसेक्स 77,000 के करीब, निफ्टी 23,363 पर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत मंगलवार को सपाट स्तर पर हुई। बाजार के बड़े सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स 116 अंक गिरकर 76,957 और निफ्टी 18 अंक अंक बढ़कर 23,363 पर कारोबार कर रहा था। वहीं भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले दिन सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 454.11 अंकों की बढ़त के साथ 77,073.44 अंकों पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 141.55 अंकों की तेजी के साथ 23,344.75 अंकों पर बंद हुआ। बाजार के सपाट होने की वजह अमेरिका नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से तत्काल प्रभाव से ट्रेड टैरिफ को न लागू करने को माना जा रहा है। बाजार के जानकारों का कहना है कि ट्रेड टैरिफ में देरी करने से डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड दोनों गिरेंगी। यह भारत जैसे बाजारों से लिए अच्छा है। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,694 शेयर हरे निशान में और 599 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी मिलाजुला कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 154 अंक की गिरावट के साथ 54,952 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 7 अंक की बढ़त के साथ 17,868 पर बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, आईटीसी, सन फार्मा, एलएंडटी, इन्फोसिस, टाटा स्टील, नेस्ले, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस टॉप गेनर्स हैं। जोमैटो, कोटक महिंद्रा, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स हैं। ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, रियल्टी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स पर दबाव देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार निफ्टी को 23,250 पर और उसके बाद 23,100 और 23,000 पर सपोर्ट मिल सकता है। तेजी की स्थिति में 23,400 एक रुकावट का स्तर हो सकता है। अगर यह टूटता है तो 23,500 और फिर 23,700 रुकावट के स्तर होंगे। सोमवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे के कारण अमेरिकी शेयर बाजार बंद थे। वहीं एशिया के ज्यादातर बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की बढ़ी चमक



**नई दिल्ली।** एक दिन की कमजोरी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज फिर तेजी लौटती हुई नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये से लेकर 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये से लेकर 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 81,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 81,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ;PM मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण पर दी बधाई, बोले:एक बार फिर साथ मिलकर काम करने को तत्पर
2 वन नेशन-वन इलेक्शन पर बनी JPC की दूसरी बैठक 31 जनवरी को;सैफ अली खान को लीलावती हॉस्पिटल से छुट्टी मिली
3 आतिशी ने EC को लिखा पत्र,रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर AAP कार्यकर्ताओं को पीटने का लगाया आरोप
4 कांग्रेस नेता लोकेश बंसल अपने समर्थकों के साथ AAP में शामिल हुए
5 जम्मू के ज्वेल चौक इलाके में गोलीबारी, एक शख्स घायल
6 मुंबई:शॉपिंग मॉल के बेसमेंट में मिला महिला का शव
7 मुंबई:सैफ अली खान का हमलावर 7 महीने पहले आया था भारत
8 AAP के पूर्व MLA श्रीदत्त शर्मा और संजय सिंह के प्रतिनिधि सहित कई नेता BJP में शामिल
9 लखनऊ:चिनहट के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला बेंगलुरु के बिजनेसमेन का शव
10 ट्रंप की ताजपोशी के तुरंत बाद तालिबान ने छोड़े 2 अमेरिकी बंधक
11 छत्तीसगढ़: गरियाबंद मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़कर हुई16
12 सत्ता में आ गई तो रक्षसों की तरह दिल्ली को निगल जाएगी BJP:अरविंद केजरीवाल
13 तुर्की के रिसॉर्ट में आग लगने से 10 लोगों की मौत,32 घायल
14 दिल्ली में BJP सरकार बनने पर SC छात्रों को हर महीने मिलेंगे 1 हजार,हेल्थ की समस्या दूर करेंगे,BJP के संकल्प पत्र का दूसरा पार्ट जारी करते हुए बोले अनुराग ठाकुर
15 5 फरवरी को महाकुंभ में शामिल होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
16 छत्तीसगढ़: गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान 12 नक्सली ढेर
17 तेलंगाना फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और प्रोड्यूसर दिल राजू के घर IT रेड
18 अमेरिका में 75 दिनों के लिए चीनी एप TikTok से हटा बैन
19 आज प्रयागराज में हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक
20 ट्रंप ने कार्यकारी आदेशों पर साइन करने के बाद भीड़ की ओर फेंकी अपनी पेन
21 अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस जलवायु संधि से हटने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए
22 गुरिल्ला हमले के बीच कोलंबिया ने 'आपातकाल की स्थिति' की घोषणा की
23 भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी नहीं होंगे डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (DOGE) का हिस्सा
24 क्वाड समिट के तहत विदेश मंत्रियों की पहली बैठक 21 जनवरी को वाशिंगटन में हो सकती है
25 पंजाब के किसान 21 जनवरी को दिल्ली की ओर फिर से कूच करेंगे
26 एमिल बोवे को ट्रंप के कार्यवाहक डिप्टी अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित किया गया
27 राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित
28 इजरायल ने गाजा युद्धविराम के बाद शानदार भूमिका के लिए भारत का जताया आभार'',भारतीय जनता को कहा:धन्यवाद''
29 पेरिस जलवायु समझौते से हटेगा अमेरिका,बाइडेन के आदेश होंगे रद्द:डोनाल्ड ट्रंप
30 मेक्सिको बॉर्डर पर नेशनल इमरजेंसी,ड्रग्स तश्कर आतंकी घोषित होंगे',राष्ट्रपति...
31 1984 सिख विरोधी दंगा,पिता-पुत्र की हत्या मामले में आज फैसला,पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार पर भीड़ को उकसाने का आरोप
32 SC में दिल्ली दंगा के आरोपी की याचिका पर सुनवाई,ताहिर हुसैन दिल्ली चुनाव में AIMIM कैंडिडेट है; SC बोली:जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगे
33 दिल्ली विधानसभा चुनाव:कुल 699 कैंडीडेट मैदान में,नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल के सामने 22 प्रत्याशी;5 फरवरी को चुनाव होंगे
34 Donald Trump: बाइडन के खिलाफ आक्रामक ट्रंप,कहा:दुनियाभर में उलझे रहे,अपने नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर पाए
35 अमेरिका इज बैक:शपथ लेते ही नए कलेवर में दिखी व्हाइट हाउस की वेबसाइट; ट्रंप-वेंस के एक्स हैंडल भी हुए अपडेट
36 राहुल को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में चल रही मानहानि' कार्यवाही पर लगाई रोक
37 उत्तराखंड कैबिनेट ने यूसीसी नियमावली को दी मंजूरी,सीएम धामी ने कहा:जल्द बताएंगे तारीख
38 सैफ पर हमला: टीवी पर अपनी तस्वीर आने के बाद घबरा गया था हमलावर,बांग्लादेश भागने की थी योजना
39 पनामा कैनाल से खत्म करेंगे चीन का दबदबा,शपथ लेते ही बोले ट्रंप
40 राजस्थान:कोटा में छात्र आत्महत्या के मामलों के बीच शिक्षा मंत्री बोले:प्रेम प्रसंग अहम वजह

# ऑफ शोल्डर ड्रेस में अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं



अवनीत कौर ने छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत कर फैंस के बीच अच्छी-खासी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही सिजलिंग अंदाज में फोटोशूट करवाया है। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। अवनीत कौर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल को कर्ली लुक में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख 70 हजार से ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिए हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस अवनीत कौर की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो स्वीट एंड लवली। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस लुक। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट।








## इमरजेंसी की कमाई में उछाल, नहीं बढ़ी अजय देवगन की आजाद की कमाई

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की ज्यादातर लोगों ने तारीफ की है, वहीं इस फिल्म में कंगना की अदाकारी की भी खूब तारीफ हो रही है। वो बात अलग है कि कमाई के मामले में यह फीकी पड़ गई है। इसकी शुरुआत कुछ खास नहीं रही। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा जरूर हुआ, लेकिन इससे फिल्म को कुछ खास फायदा मिलता नजर नहीं आ रहा है। उधर अजय देवगन की फिल्म आजाद का हाल-बेहाल है। सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने पहले दिन 2.35 करोड़ रुपए कमाए थे और दूसरे दिन इसकी कमाई में मामूली इजाफा हुआ। रिलीज के दूसरे दिन इसने 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह 2 दिन में कंगना की इस फिल्म ने भारत में कुल 6.61 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। यह कलेक्शन देख उम्मीद की जा रही है कि रविवार यानी तीसरे दिन भी फिल्म की कमाई में अच्छा उछाल आ सकता है। कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी। इसके बाद आई लव न्यू यॉर्क, कट्टी बट्टी, रंगून और सिमरन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। 2019 में आई फिल्म मणिकर्णिका बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई। इसके बाद कंगना जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाईवी, धाकड़ और तेजस में दिखीं, लेकिन ये तमाम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं. कंगना की इमरजेंसी रिलीज से पहले ही काफी विवादों में छा गई थी। इस फिल्म में कंगना ने पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक सहित कई कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की निर्माता-निर्देशक और लेखक कंगना ही हैं। 25 करोड रुपये के बजट में बनी यह फिल्म कंगना के करियर के लिए बेहद अहम है। इमरजेंसी के सामने पर्दे पर उतरी आजाद ने पहले दिन जहां 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, इसने दूसरे दिन भी करीब 1.50 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। इस फिल्म ने अब तक भारत में करीब 3 करोड़ रुपये ही कमाए हैं। अजय ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। इसके जरिए उनके भांजे अमन देवगन ने बॉलीवुड में कदम रखा है, वहीं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की भी यह पहली फिल्म है।

# मिथिला पालकर और अमोल पाराशर की स्वीट ड्रीम का एलान, 24 जनवरी से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर होगा प्रीमियर




इस महीने सिनेमाघरों में कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। वहीं, ओटीटी पर भी कमी नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में स्वीट ड्रीम्स भी है। अभिनेता मिथिला पालकर और अमोल पाराशर अभिनीत इस फिल्म की रिलीज डेट का मेकर्स ने एलान किया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आज डिज्नी हॉटस्टार ने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, जहां सपने शुरू होते हैं, वहीं से शुरू होती है केनी और दीया की कहानी! पोस्ट में बताया गया है कि फिल्म 24 जनवरी को दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन विक्टर मुखर्जी ने किया है। इसमें मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी हैं। फिल्म को ज्योति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रंजल खंधदिया ने प्रोड्यूस किया है। बात करें मिथिला की तो उन्होंने लिटिल थिंग्स (2016), सीरीज में उनके रोल के लिए जाना जाता है। काजोल के साथ वे त्रिभंगा में भी नजर आई हैं। अमोल टीवीएफ ट्रिपलिंग से लोकप्रिय हुए है। उन्हें विक्की कौशल की सरदार उधर में भी देखा गया। एक ऐसी कहानी पर आधारित फिल्म है, जो कल्पना और वास्तविकता के बीच की रेखा को धुंधला कर देती है। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स के मिले-जुले कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, लंबे वक्त बाद आपको देखने का मौका मिलेगा, इसका उत्साह है। नाम तो दिलचस्प सा है, कहानी अच्छी होना चाहिए।



# मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं: अक्षरा सिंह



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई। अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं। तस्वीरों के अलावा, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर फिटनेस ट्रेनर मसरूफ अहमद के एक वीडियो को साझा किया, जिसमें वह प्लैंक एक्सरसाइज करती दिखाई दीं। अभिनेत्री 10 किलो के प्लेट के साथ प्लैंक करती नजर आईं। भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं। अक्षरा सिंह की हालिया रिलीज अक्षरा दुनिया भर में धूम मचा रही है। देशभक्ति से भरपूर भोजपुरी फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षरा के साथ अभिनेता अंशुमान मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। सत्यमेव जयते से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह फिल्म इंडस्ट्री को सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, तबादला, सौगंध गंगा मैया के जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।